


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 192

ग्वालियर, बुधवार, 1 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## वन-टू-वन

### दिल्ली पुलिस ने जामताड़ा से 14 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली पुलिस की साइबर क्राइम सेल ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए झारखंड-बंगाल के सीमावर्ती इलाके में स्थित जामताड़ा से 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी पिछले काफी समय से साइबर क्राइम से जुड़े अपराधों में लिप्त थे। दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ब्रांच द्वारा जामताड़ा में किया गया यह सबसे बड़ा ऑपरेशन है, जिसमें 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन साइबर अपराधियों से दिल्ली पुलिस की टीम विस्तार से पूछताछ करेगी। साइबर क्राइम के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, साइबर अपराधी बहुत ही शातिर होते हैं। जामताड़ा के अंदर किसी भी अनजान शख्स को देखते ही पूरे इलाके को ये लोग सतर्क कर देते हैं। जिससे इन्हें आसानी से भागने का मौका मिल जाता है।

### मुंबई में भारी बारिश से निचले इलाकों में जल भराव, भूस्खलन में कई लोग घायल

**मुंबई (ए)।** लंबे समय के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय होने के बाद मुंबई में भारी बारिश हुई। भारी वर्षा की वजह से एक स्थान पर भूस्खलन होने से कुछ लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि रात भर हुई भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में पानीभर गया है। जिसकी वजह से आवागमन प्रभावित हुआ है। मुंबई में सोमवार रात से, महानगर, नवी मुंबई, ठाणे और आसपास के अन्य क्षेत्रों में 20 मिमी से 70 मिमी तक बारिश हुई। मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में आईएमडी की सांताक्रूज वेधशाला में 49 मिमी, जबकि कोलाबा वेधशाला में 29.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण मुंबई के असल्फा इलाके में भूस्खलन हुआ, जिससे कुछ लोग घायल हो गए। बारिश के कारण अंधेरी, परेल, भांडुप और कुछ अन्य इलाकों में जलजमाव के कारण यातायात प्रभावित हुआ।

### हरियाणा का खट्टर सरकार की जनविरोधी नीतियों से हुई राज्य की बर्बादी : सुरजेवाला

**चंडीगढ़ ए)।** हरियाणा की भाजपानीत मनोहरलाल खट्टर की सरकार पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने जमकर निशाना साधा और कहा कि खट्टर सरकार अपनी 'दिशाहीन और जनविरोधी नीतियों से एक उभरते राज्य के बर्बाद होने की कहानी लिख रही है।' मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की सरकार के 2,500 दिन पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि भाजपा-जजपा (भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी) ने सत्ता का आनंद लिया, लेकिन लोगों का खून सड़कों पर बहाया गया।' सुरजेवाला ने आरोप लगाया, जब युवा भर्ती परीक्षाओं के लिए कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में कड़ी मेहनत कर रहे थे, उसी दौरान बेशर्मी से परीक्षा पत्र सार्वजनिक रूप से बेचे गए। करनाल में किसानों के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर राज्य सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि लठ जीवी सरकार जजपा की बैसाखी की मदद से सत्ता में है, जबकि लोगों को कई तरह से पीड़ा झेलनी पड़ रही है।

### नायडू ने वैज्ञानिकों से किसी भी महामारी से निपटने के लिए अनुसंधान में तेजी लाने को कहा

**नई दिल्ली (ए)।** उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने आज कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला डिपास (डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोलॉजी एंड एलाइड साइंसेज) के वैज्ञानिकों और अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर्मियों के योगदान की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने भविष्य में ऐसी किसी भी महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अपने शोध में तेजी लाने की सलाह दी। उपराष्ट्रपति ने डिपास के लगभग 25 वैज्ञानिकों व तकनीशियनों को उप-राष्ट्रपति निवास में आमंत्रित किया था। उनके साथ डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी भी थे। उनके साथ बातचीत करते हुए नायडू ने कहा कि महामारी ने अभूतपूर्व स्वास्थ्य संकट पैदा कर दिया है और पूरे विश्व में जीवन व आजीविका को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस अवसर पर आगे बढ़ने और कोविड-19 के उपचार और प्रबंधन के लिए विभिन्न स्वदेशी उत्पादों को विकसित करने के लिए डिपास और अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं की सराहना करते हुए, उन्होंने कहा कि सार्स-सीओवी-2 के नए रूपों (वेरिएंट) के सामने आने के मद्देनजर भविष्य के किसी भी खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए हमेशा सावधान रहना महत्वपूर्ण है। डॉ. जी सतीश रेड्डी ने उपराष्ट्रपति को कोविड-19 के उपचार व प्रबंधन के लिए स्वदेशी रूप से विकसित डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के विभिन्न उत्पादों और उपकरणों के बारे में जानकारी दी।

---

#### मप्र में बिजली संकट पर आमने

# सामने भाजपा के ही मंत्री: गृहमंत्री ने स्वीकारा तो ऊर्जा मंत्री ने किया चैलेंज, बोले-न ही कटौती न ही संकट है

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक, पुष्पांजली टुडे**

भोपाल । मध्य प्रदेश में बिजली का संकट दिन- प्रतिदिन गहराता जा रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों व कृषि क्षेत्रों में स्थिति बेहद खराब होती जा रही है. कई-कई घंटों की अघोषित कटौती की जा रही है।कोयले की कमी के कारण उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है. इसी बीच बिजली संकट को लेकर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर का बयान सामने आया है. प्रद्युमन सिंह तोमर का कहना है कि न ही प्रदेश में बिजली का संकट है और न ही बिजली कटौती हो रही है।जबकि सरकार के ही गृहमंत्री ने प्रदेश में बिजली संकट की बात स्वीकार की है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि मध्य प्रदेश का कोई विधायक बता दे, किसके यहां 18 से 20 घंटे की बिजली की कटौती हो रही है, मैं खुद मौके पर जाकर देखूंगा. उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी प्रकार का बिजली का कोई संकट नहीं है और न ही बिजली की कटौती हो रही है।

### ऊर्जा मंत्री कर रहे विभाग का बचाव

प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि कहा कि कोई भी विधायक बिजली कटौती के सबूत दे तो तत्काल कार्रवाई होगी।जनता की सेवा में कोई कमी रह गई तो मंत्री हो या अधिकारी पर नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि कोयला खदानों में बारिश का पानी भरने और मेंटिनेंस के चलते कहीं-कहीं 1 से 2 घंटे की कटौती की गई थी।

### बीजेपी विधायकों ने लिखा सरकार को पत्र

दरअसल,विपक्ष से लेकर पक्ष ने प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती को लेकर सरकार को आड़े हाथ ले रही है।वहीं बीजेपी विधायक नारायण त्रिपाठी और राकेश गिरी ने भी पत्र लिखकर अपनी ही सरकार से बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।जिसको लेकर ऊर्जा मंत्री प्रद्यु पर सवाल उठाने के बाद अब सरकार ने भी माना है कि बिजली संकट है।





### गृहमंत्री ने माना प्रदेश में है बिजली संकट

बता दें कि गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने बिजली संकट को स्वीकार करते हुए कहा है कि बिजली संकट है और 5 दिन में बिजली संकट दूर हो जाएगा। बिजली संकट इसलिए है क्योंकि पावर प्लांट में तकनीकी दिक्कते आई हैं, बारिश और कोयले की कमी के कारण बिजली कटौती हो रही है।

### झूठ परोस रही सरकार: नाथ

प्रदेश में बिजली संकट को लेकर लगातार विपक्ष हमलावर है।वहीं एक बार फिर पूर्व सीएम कमलनाथ ने ट्वीट करते हुए कहा, ÷पूरे प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती जारी, ग्रामीण क्षेत्रों व कृषि क्षेत्रों में घंटो बिजली ग़ायब, कई हिस्से घंटो अंधेरे में प्रदेश में कोयले का भी भारी संकट, उत्पादन प्रभावित, माँग व आपूर्ति में भारी अंतर लेकिन इन सब बातों से बेख़बर ज़िम्मेदार सच्चाई स्वीकारने की बजाय अभी भी झूठ परोस रहे है?कह रहे है कि प्रदेश में कोई बिजली का संकट नही।÷

### पावर प्लांट में कोयला सप्लाई बंद

गौरतलब है कि कोयला कंपनी ने सरकारी भुगतान नहीं होने पर सप्लाई बंद कर दी है।वहीं सिंगाजी पावर प्लांट में बिजली का उत्पादन आधा हो गया है।सिंगाजी पावर प्लांट की 2400 रूड्ड में से 1200 रूड्ड की बिजली उत्पादन इकाइयां भी बंद हैं. जबकि संजय गांधी पावर प्लांट में भी कोयला खत्म होने की कगार पर है। फिलहाल प्रदेश में बिजली की जरुरत 10 हजार रूड्ड है,लेकिन 8 हजार ही उपलब्ध है।इन दोनों पावर प्लांट से बिजली उत्पादन रुकने से बिजली का संकट और गहरा सकता है।

---

**तालिबानी हुकूमत** | **काबुल एयरपोर्ट पर रखे**

# 73 एयरक्राफ्ट्स को खराब कर गई अमेरिकी सेना

### अब इनका इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे तालिबानी

**काबुल (ए)।**

अमेरिकी सेना ने सोमवार रात को अफगानिस्तान छोड़ दिया। उसके जाते ही तालिबान ने काबुल एयरपोर्ट पर कब्जा कर लिया। लेकिन यहां रखे विमानों को तालिबान कभी इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि अमेरिकी सेना इन विमानों को निष्क्रिय कर गई है।

सेंट्रल कमांड के हेड जेनरल केनेथ मैकेंजी ने कहा कि 73 एयरक्राफ्ट जो हामिद करजई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रखे हैं, उन्हें डिसेबल कर दिया गया है। मैकेंजी ने कहा- %ये विमान अब कभी नहीं उड़ेंगे... इन्हें कभी कोई ऑपरेट नहीं कर पाएगा। हालांकि इनमें से ज्यादातर विमान मिशन के लिहाज से नहीं बनाए गए थे, लेकिन फिर भी इन्हें कभी कोई उड़ा नहीं सकेगा।



मैकेंजी ने यह भी कहा कि अमेरिकी सेना करीब 70 माइन रेजिसटेंट ऐंबुश प्रोटेक्शन (रूक्क्क) व्हीकल एयरपोर्ट पर छोड़ आई है। यह व्हीकल ढ्ढश्वष्ठ अटैक और दुश्मन के हमलों को झेल सकता है। एक व्हीकल की कीमत 10 लाख डॉलर तक होती है। सेना ने इन्हें भी डिसेबल कर दिया है।

### 5 हजार अफगानियों को शरण देगा कनाडा

कनाडा ने मंगलवार को कहा कि वह अमेरिका के सहयोग से निकाले गए करीब 5 हजार अफगानी नागरिकों को देश मे शरण देगा। यह शरणार्थी अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद निकाले गए थे। कनाडा के इमिग्रेशन मिनिस्टर मार्को मेंडिसीनो ने कहा कि हम अफगानी लोगों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। कनाडा ने हाल ही में पुनर्वास प्रोग्राम की घोषणा की थी। इस प्रोग्राम के तहत इन शरणार्थियों को कनाडा मे बसाया जाएगा।

### तालिबान ने किया आजादी का ऐलान

तालिबान के अल्टीमेटम (31 अगस्त) से पहले ही अमेरिकी सेना ने अफगानिस्तान छोड़ दिया। रात करीब 12 बजे काबुल एयरपोर्ट से सेना का आखिरी दल रवाना हुआ। इसके साथ ही अमेरिकी सेना के यहां 20 साल चले संघर्ष का अंत हो गया। इधर, अमेरिकी सेना की विदाई हुई और उधर तालिबान ने अफगानिस्तान की आजादी का ऐलान कर दिया। तालिबान ने कहा है कि इस जंग में हमारी जीत हुई है। यह घुसपैठियों के

---

# भारत ने एक दिन में कोरोना वैक्सीनेशन का नया रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली (ए)।** भारत में मंगलवार, 31 अगस्त को कोरोना के 1.09 करोड़ से अधिक टीके लगाए गए जो कि एक रिकार्ड है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने एक ट्वीट करके बताया कि आज का वैक्सीन का आंकड़ा एक करोड़, 9 लाख के आंकड़े तक पहुंच गया है। इससे पहले 27 अगस्त को 1 करोड़ 3 लाख 35 हजार 290 टीके लगाए गए थे। हालांकि मंगलवार के टीकाकरण के आंकड़े ने इस संख्या को को पीछे छोड़कर नया रिकॉर्ड बना दिया है। इसके साथ ही भारत में कोविड-19 टीकाकरण ने कल 65 करोड़ का अहम पड़ाव पार किया। मंगलवार को 1.09 करोड़ टीके लगाने के साथ टीकाकरण 65.14 करोड़ के पार पहुंच गया है। केंद्र और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के निरंतर एवं सहयोगपूर्ण प्रयासों के परिणामस्वरुप पिछले 65 दिनों से लगातार 50,000 से कम नए दैनिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। भारत में



पिछले 24 घंटों में 30,941 दैनिक नए मामले दर्ज किए हैं। वर्तमान में सक्रिय मामले 3,70,640 हैं। सक्रिय मामले वर्तमान में देश के कुल पॉजिटिव मामलों के 1।13 प्रतिशत हैं। देश भर में कोविड जांच क्षमता लगातार उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है। देश में पिछले 24 घंटों में 13,94,573 नमूनों की जांच की गई। कुल मिला कर भारत में अब तक 52।15 करोड़ से अधिक (52,15,41,098) जांच की जा चुकी हैं। एक तरफ जहां, कोविड जांच क्षमता देश भर बढ़ा दी गई है, वहीं साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर वर्तमान में 2.51 प्रतिशत है और यह पिछले 67 दिनों से 3 प्रतिशत से कम बनी हुई है।







# जिला स्तरीय टेलेन्ट सर्च चयन ट्रायल

## विकासखण्ड शिवपुरी के क्रिकेट, बैडमिंटन, एथलेटिक्स के 142 खिलाड़ियों ने दिया टेस्ट



शिवपुरी।

खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश में संचालित 18 खेल अकादमियों के लिये युवा व प्रतिभावान 12 से 18 वर्ष के युवा खिलाड़ियों के लिये टेलेन्ट सर्च चयन ट्रायल जिला खेल परिसर जाधव सागर के पास पुरानी शिवपुरी में किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकासखण्ड शिवपुरी से आये 142 बालक/बालिका खिलाड़ियों का पंजीयन करने के उपरांत विभिन्न खेल विदाओं में टेस्ट लिया गया।इस दौरान म.प्र.आजीविका मिशन की ओर से प्रत्येक खिलाड़ियों को फैस मास्क का वितरण के पश्चात फिजिकल फिटनेश में बी.आई.एम. टेस्ट, बैलेंस, फलेक्सिबिलिटी टेस्ट, स्पीड 50 मी., एब्डेमिलेन स्ट्रेन्थ, मसक्युलर इंडोरेंस, एरोबिक इंडोरेंस 600 मी. का टेस्ट लिया गया।संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के.धौलपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज विकासखण्ड शिवपुरी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान 142 बालक/बालिका खिलाड़ियों ने बड़-चड़ कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें आज क्रिकेट, बैडमिंटन, एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 01 सितम्बर से 03 सितम्बर तक विकासखण्ड शिवपुरी के साथ-साथ अन्य विकासखण्ड के ऐसे बालक/बालिका खिलाड़ी जो ऑनलाईन पंजीयन कराने के पश्चात भी शामिल नहीं हुए वे भी 01 से 03 तारीख तक शामिल होकर अपना फिजिकल फिटनेस टेस्ट दे सकते है।संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के.धौलपुरी ने शिवपुरी के ग्रामीण और शहरी प्रतिभावान खिलाड़ियों से अपील की है कि जिन खिलाड़ियों ने ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया है वे तथा जो खिलाड़ी ऑनलाईन पंजीयन नहीं कर पाएं है वे खिलाड़ी ऑफलाईन भी सीधे आकर पंजीयन कराकर टेलेंन्ट कार्यक्रम में शामिल हो सकते है तथा अन्य विकासखण्डों से समय पर उपस्थित नहीं होने वाले खिलाड़ी भी उक्त दिनांकों में पंजीयन कराकर टेलेंट सर्च में भाग ले सकते है।





## सुबह 4 बजे महिला को पकड़ा और उसके साथ RAPE कर दिया




शिवपुरी।

खबर जिले के सीहोर थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव की है। जहां बीते रोज सुबह 4 बजे आरोपी ने महिला के साथ रेप की बारदात को अंजाम दिया। इस मामले की शिकायत पीडिता ने अपने पति से की। जहां पति महिला को लेकर सीहोर थाने पहुंची। जहां पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार फूलपुर गांव में एक 35 वर्षीय विवाहिता अपने घर से सुबह 4 बजे शौच के लिए गई थी। तभी गांव का ही आरोपी कमलेश पाठक निवासी फूलपुर ने पीछे से पकड लिया। जहां आरोपी ने महिला के साथ खेत में ले जाकर रेप की बारदात को अंजाम दिया। इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## जिला चिकित्सालय से आधी रात में प्रसूता के गले से मंगलसूत्र का पैंडल गायब

शिवपुरी।

*जिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता का किसी ने मंगलसूत्र का पैंडल चोरी कर लिया है। अस्पताल चौकी में परिजन ने शिकायत दर्ज कराई है। अस्पताल में प्रसूता का पैंडल चोरी जाने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल शिवपुरी में भर्ती प्रसूता हेमलता शर्मा पत्नी सतीश शर्मा का किसी ने मंगलसूत्र का पैंडल चोरी कर लिया है। प्रसूता का कहना है कि रविवार की रात 2 बजे उसकी नींद लग गई थी और सुबह 4 बजे उठी तो मंगलसूत्र का पैंडल गायब था, जबकि गले में मंगलसूत्र की माला जस की तस है। सिर्फ पैंडल चोरी गया है।इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी ने औजार से पैंडल काटकर चुरा लिया है। प्रसूता के अनुसार नींद में ऐसा लगा कि कोई चादर लेकर आया था हो सकता है इसी दौरान मंगलसूत्र से सोने का पैंडल चोरी कर लिया।*

## ससुराल में जहर पीकर पत्नी से पति बोला- इलाज तब करवाऊंगा, जब तू यह बताएगी की शादी क्यों की, जब तुझे मायके में ही रहना हैं।



शिवपुरी।

जिले के बदरवास से मंगलवार को एक अजीबोगरीब मामला सामने आया हैं। जहाँ कीटनाशक दावा पीने वाले एक युवक ने इलाज करवाने से मना इसलिए कर दिया कि उसकी पत्नी मायके में क्यों रहती है। वह उसके साथ क्यों नहीं चलती। उसने पत्नी से पूछा कि तुझसे शादी साथ रहने के लिए की थी। या फिर तेरे मायके में रहने के लिए, काफी देर विवाद के बाद मुश्किल से युवक इलाज करवाने को राजी हुआ।

**पत्नी बोली, मारता पीटता है, इसलिए साथ नहीं जा रही**

गरगटू के रहने वाले 27 साल के पुरुषोत्तम ने 8 साल पहले भूरी से शादी थी। उसके दो बच्चे हैं। पति की मारपीट से परेशान होकर वह ज्यादा समय अपने पिता के घर बिताने लगी। वह, वहीं पर रहकर मजदूरी कर अपना गुजरा करने लगी। रविवार को पत्नी को लेने पुरुषोत्तम ससुराल पहुंचा था। उसने पत्नी से कहा कि वह उसके साथ घर चले। पति की हरकतों के कारण उसने जाने से मना कर दिया।

**तू मेरे साथ घर चल**

सोमवार को फिर से पति ने पत्नी से कहा कि वह उसके साथ चले। उनके मना करने पर दोनों में विवाद हुआ और पति ने गुस्से में कीटनाशक दावा पी लिया। पत्नी उसे लेकर तत्काल अस्पताल पहुंची। पति ने अस्पताल में ड्रामा करते हुए इलाज करवाने से मना कर दिया। स्ट्रैचर पर लेटे पति ने जिद पक? ली कि पत्नी उसके साथ घर चले। उसने पत्नी से पूछा कि मैंने तुझसे शादी साथ रहने के लिए की है या फिर तेरे मायके में रहने के लिए।

## वृद्धा महिला की डंडे से मारपीट मारपीट, वीडियो हुआ वायरल, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



शिवपुरी।

गोवर्धन थाना क्षेत्र के धौरिया गांव की पिपलौदा कॉलोनी में 60 साल की बुजुर्ग महिला की डंडों से मारपीट का वीडियो सामने आया है। पुलिस को शिकायत मिली तो एफआईआर करने के बजाए अदम चैक काट दिया।पुलिस से शिकायत होने पर आरोपी ने महिला के परिजन को पीटा तो पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। इससे नाराज होकर आरोपी ने अपने साथी के साथ बुजुर्ग महिला को फिर बुरी तरह पीटा। मारपीट से घायल वृद्धा को जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इस मामले में पुलिस ने रविवार को दूसरी एफआईआर दर्ज कर ली है। कैलाशी बाई (60) पत्नी गोपाल मोगिया निवासी ग्राम पिपलौदा कॉलोनी धौरिया 25 अगस्त को अपनी बहू कमलेश के साथ घर के बाहर गायों को रोकने के लिए लक?ी की बाग? लगा रही थी, तभी ठेवला गांव का रहने वाला सुल्तान बंजारा आया और बाग? लगाने से रोका। सुल्तान ने बांस का डंडा उठाकर कैलाशी को बेरहमी से पीटा और धक्का देकर गिरा दिया। बचाने आई बहू को भी डंडा मारकर घायल कर दिया। बहू की पसलियों में चोट आई है। शिकायत की तो पुलिस ने 26 अगस्त को सुल्तान बंजारा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बजाय अदम चेक काटकर मामला जांच में ले लिया। इसके बाद कैलाशी के परिजन योगेश मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 अगस्त को सुल्तान बंजारा मिला और पुलिस से शिकायत करने की बात पर मारपीट की। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने सुल्तान बंजारा के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया। एफआईआर के बाद 28 अगस्त की शाम 7 बजे दीवान बंजारा, सुल्तान बंजारा दोनों निवासी ठेवला ने कैलाशी बाई मोगिया को धमकी देते हुए कहा कि रिपोर्ट वापस ले लो। कैलाशी ने मना किया तो गालियां देते हुए लाठी व डंडे से बेहरमी से पीटा। बचाने आई नातिन आरती मोगिया की भी मारपीट की। गोवर्धन थाना पुलिस ने 29 अगस्त को सुल्तान बंजारा और दीवान बंजारा के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 294, 506, 34 एवं एसएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## सिकरवार बस ने पति पत्नि सहित 5 साल की बच्ची की रौंदा, महिला की मौत, बेटी और पिता गंभीर

शिवपुरी।

खबर जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के देहरदा तिराहे की है। जहां मंगलवार को शिवपुरी से अपने गांव डोडियाई जा रहे एक दंपत्ति को एक यात्री बस ने रौंद दिया। जिससे बाईक पर सबार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में पति और पांच साल की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए कोलारस स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां दोनों की गंभीर हालात को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया।जानकारी के अनुसार मिथुन परिहार उम्र 33 साल निवासी डौडियाई अपनी पत्नि रचना परिहार उम्र 30 साल और बेटी पल्लबी परिहार उम्र 5 साल के




साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाकर बापिस लौट रहे है। तभी देहरदा तिराहे के पास पीछे से आ रही सिकरवार ट्रेवल्स की बस ने दंपत्ति की बाईक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाईक पर सबार रचना की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि रचना शिवपुरी के पत्रकार मानसिंह परिहार की बहिन है। जो कल जन्माष्टमी पर राखी बांधकर लौट रही थी। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बस का पीछा कर बस को पकड लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बर्थडे सेलिब्रेट करने का अनोखा अंदाजः स्वयं मैसेस कर गिफ्ट मांग रही है करैरा निवासी वाणिज्य कर अधिकारी जया

करैरा।

अगर किसी का जन्मदिन हैं और आप उसकी जन्मदिन की पार्टी में जाते है तो गिफ्ट अवश्य ले जाते है। लेकिन वाणिज्य कर निरीक्षक करैरा निवासी श्रीमती जया गुप्ता में अपने मिलने और चाहने वाले से अनोखा गिफ्ट मांग रही हैं यह गिफ्ट पर्सनल उनके काम नही आऐगा बल्कि किसी की जिंदगी बचाने में मदद करेगा। दरसल आने वाले 6 सितंबर को जया गुप्ता का जन्मदिन हैं वह अपने मिलने वाले को अपने जन्मदिन पर आने का निमत्रंण दे रही हैं वह भी अलग अंदाज से आईए पहले उनके द्धारा भेजे गए मैसेस को हम आपको पढाते है। आपको याद है 6 सितम्बर को मेरा जन्मदिन है, मुझे आपकी शुभेच्छा के साथ साथ एक उपहार भी



चाहिए..., देंगे न आप इस संन्देश को पढ़ने के बाद जब स्नेहीजन है में रिप्लाई करता है तो फिर जया गुप्ता उसे दूसरा मैसेज इस तरह करती है। मुझे अपने लिए कुछ नहीं चाहिए , आपका दिया ये अनमोल उपहार कई जिंदगियां बचा सकता है..मुझे आपसे रक्तदान का उपहार चाहिए,क्या आप मेरे जन्मदिन पर रक्तदान करके मुझे यह अनमोल अविस्मरणीय उपहार देंगे..??

इन संदेशों के जरिए उन्हें अब तक कई स्नेहीजन से रक्तदान के सहमति दी है इस लिए जया गुप्ता 6 सितंबर को अपना जन्मदिन करैरा की गहोई धर्मशाला में रक्तदान शिविर आयोजित कर मना रही है। उन्होंने रक्तदान के लिए आमजन से भी आग्रह किया है यदि आप भी इस अनोखे जन्मदिन का हिस्सा बनना चाहते है जया के जन्मदिन पर आप भी जरूर आए,अपने रक्त से दूसरों की जिंदगी बचाए। यह रक्तदान शिविर 6 सितंबर को गहोई समाज की धर्मशाला करैरा में रखा गया हैं एंव समय हैं दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक।

## नगर में निकाली गई ध्वजारोहण यात्रा



करैरा। ध्वजारोहण यात्रा बाबा के बाग बगीचा बाली माता मंदिर से निकाली गई। यह यात्रा माता मंदिर से चलकर मेहदी पुर बालाजी पर जाकर समापन किया जाएगा। ध्वजारोहण यात्रा मे 101 कन्या को निशुल्क मेहदी पुर बालाजी के दर्शन कराने ले जाया जा रहा है । माता मंदिर से चल समारोह चाँद दरबाजा, पुरानी तहसील, मंशापूरन मंदिर फूटातालब, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, बीज भंडार रोड एवम् नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए। राम राजा गार्डन पर सभी एकत्रित होकर स्पेशल बसो द्वारा केला देवी मंदिर होते हुए मेहदी पुर बालाजी पर यह ध्वजारोहण कर यात्रा का समापन होगा । ध्वजारोहण यात्रा का मे गुडगाँव, दिल्ली, और आसपास के क्षेत्रों से लोग आए है । सभी धर्म प्रेमी बंधुओं ने पुष्प वर्षा कर जगह जगह स्वागत किया।

# नागर विमानन मंत्री सिंधिया ने नौकरी के लिए दुबई जाने वाली भिण्ड की बेटी की करी मदद

### बीच भँवर में फंसे दुबई जाने वाले यात्रियो की समस्या को डॉ रमेश दुबे के आग्रह पर उड्डयन मंत्री सिंधिया ने की तत्काल कार्यवाही



भिण्ड। जब कोई बीच भँवर फंस जाए और कोई रास्ता नजर न आये,ऐसे में कोई हाथ बढ़ाकर उस भँवर से से निकाल ले,तो ऐसी मित्रता विरले ही देखने को मिलती है। ऐसा ही एक वाकया नवी मुंबई में रहने वाले उद्यमी विपिन प्रकाश दुबे के साथ घटित हुआ, उनकी बेटी की नोकरी दुबई में कन्फर्म हो गयी थी और उन्हें जॉइन करने के लिए दुबई जाना था, अचानक से आये बुलावा से वैसे ही दुबे परिवार की धड़कनें बड़ी हुई थीं, विपिन प्रकाश ने आनन फानन में अपनी बेटी का एयर इंडिया की फ्लाइट से बुक किया,उक्त फ्लाइट को भारतीय समयानुसार शाम 4 बजे उड़ान भरनी थी, दुबे परिवार ने अपनी बेटी को दुबई भेजने की सारी तैयारियां कर ली थीं लेकिन दुबई एम्बेसी, इंडियन एम्बेसी, जीडीआरएफ एवं अन्य अथॉरिटीज ने ये स्पष्ट किया कि दुबई जाने वाले लोग 30 अगस्त के बाद ही जा सकते हैं,उससे पहले कोई भी यात्री टूरिस्ट या अन्य किसी वीड़ा पर दुबई की यात्रा नहीं कर सकता है, और इससे पहले की कोई भी गाइडलाइन पोर्टल पर नजर नहीं आ रही थी, यद्यपि एयरलाइंस कम्पनियां उक्त गाइडलाइन के बारे में न तो यात्रियों को अवगत करा रही थीं और नाहीं टिकिटों की बुकिंग रोक रही थीं, ऐसे में दुबई यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्रियों के लिए बहुत जटिल कन्फ्यूजन पैदा हो गया, सैकड़ों यात्री स्वयं को अधर में लटका महसूस कर रहे थे,उनमें से एक विपिन प्रकाश दुबे की बेटी भी थी। ऐसी परिस्थिति में विपिन प्रकाश को कोई रास्ता नहीं सूझ रहा था कि तभी उन्हें अपने स्कूल कॉलेज के जमाने के बचपन के साथी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की टीम के सदस्य भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे की याद आई और उन्होंने बिना देर किए अपनी सारी परेशानी डॉ दुबे के सामने ऐसे रख दी मानो अब वही खेवनहार हों, बरसों बाद मित्र की पुकार सुन डॉ रमेश दुबे ने सबसे पहले विपिन प्रकाश को धैर्य रखने को कहा और अपनी सारी समस्या लिखकर भेजने को कहा, जैसे ही विपिन प्रकाश के द्वारा आई लिखित समस्या को भाजपा नेता डॉ रमेश दुबे ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को फॉरवर्ड कर उन्हें मोबाइल पर सैकड़ों यात्रियों की उक्त समस्या से अवगत कराया वैसे ही नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने त्वरित आदेश जारी करते हुए विभागाधीन अधिकारियों को इस समस्या के निराकरण के लिए आदेशित किया। विभाग के अधिकारियों ने फोन से विपिन से सम्पर्क किआ और ठीक आधे घण्टे के बाद ही एयर इंडिया की गाइडलाइन पोर्टल पर दिखने लगी जिसमें स्पष्ट लिखा था कि संयुक्त अरब अमीरात के दुबई जाने वाले यात्री कभी भी जा सकते हैं और ये गाइडलाइन 30 अगस्त के शुरू होने से ही लागू होगी। जैसे ही उक्त गाइडलाइन पोर्टल पर दिखाई देने लगी, उन सैकड़ों यात्रियों ने राहत की सांस ली जो इस उधेड़बुन में फंसे हुए थे। नवी मुंबई निवासी उद्यमी विपिन प्रकाश दुबे इस अपराजेय समस्या के समाधान के बाद बेहद प्रसन्न थे, आखिर उनके मित्र ने उनकी बेटी की इतनी बड़ी जटिल समस्या को गम्भीरता से लेते हुए सुलझाया जिसकी वजह से सैकड़ों यात्रियों को भी सहूलियत मिली, अपने मित्र डॉ रमेश दुबे के इस उपकार के लिए उन्होंने पत्र लिखकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं डॉ दुबे को धन्यवाद ज्ञापित किया है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने भी केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रति आभार प्रकट किया है।

## सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें समस्त अधिकारी : कलेक्टर

### समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बडोले, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर, उनके निराकरण के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर लंबित शिकायतों का निराकरण समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। जिले में सीएम हेल्पलाइन में महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व, स्वास्थ विभाग, स्कूल शिक्षा, ग्रामीण विकास विभाग ने अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया। कलेक्टर ने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत ग्रेडिंग काल के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निराकरण समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करने निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें अनअटेंडेड जाने पर संवधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने समय सीमा पत्रों एवं जनआकांक्षा पोर्टल पर दर्ज आवेदनों की भी समीक्षा कर उनके निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कुछ आवेदन कर्ताओं से फोन पर बात भी की साथ ही अन्य प्रकरणो का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

# जन्माष्टमी पर प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई पांचवी नक्षत्र वाटिका की पुर्नस्थापना

### नक्षत्र वाटिका अध्यात्म एवं पर्यावरण का अद्भुत संगम प्रोफेसर रामानंद शर्मा



भिण्ड। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भिंड से 25 किलोमीटर दूर फूंप थाने के अंतर्गत ग्राम छूछरी में कुंवारी नदी के किनारे खेड़ापति नक्षत्र वाटिका 10 माह पूर्व बनाई गई थी लेकिन वर्तमान में आई बाढ़ के कारण भूमि में कटाव होने से अधिकतर वाटिका नष्ट हो गई थी लेकिन इसकी जन्माष्टमी पर पुनर्स्थापना की गई वही नेहरू युवा केंद्र के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आशुतोष शर्मा नंदू ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर जन्म नक्षत्र का पौधा जामुन का रोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रोफेसर रामानंद शर्मा ने बताया कि नक्षत्र वाटिका में लगाए गए प्रतेक पौधे वातावरण में शुद्धि का कार्य करते हैं नक्षत्र वाटिका अध्यात्म एवं पर्यावरण का अद्भुत संगम है दुनिया में जितनी भी जीवधारी हैं वह सभी कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि से देखें की वृक्ष ऐसे जीव है जो प्रकाश संश्लेषण की क्रिया के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिससे समस्त जीवो का जीवन यापन होता है वही आज मानव ने अपने स्वार्थ बस प्रकृति का इतना दोहन किया है कि उसका संतुलन ही पूरी तरह बिगड़ गया है और इसी असंतुलन के कारण आज प्रकृति ने हमें बताया है और कोरोना जैसी भयंकर त्रासदी में केबल मानव ही प्रभावित हुआ है अतः अब समय आ गया है कि हम सभी को मिलकर पर्यावरण को बचाने के लिए एकजुट होकर पहल करनी चाहिए और जगह जगह पर वृक्षारोपण हो ऐसे प्रयास करने चाहिए।

# कुपोषण छोड़ पोषण की ओर- थामे क्षेत्रीय भोजन की डोर

### चौथा राष्ट्रीय पोषण माह एक से 30 सितम्बर तक

भिण्ड । सुपोषित भारत की परिकल्पना को लक्षित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में पोषण अभियान की शुरूआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य जन-आंदोलन और जन भागीदारी से कुपोषण को मिटाना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रति वर्ष सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। विभिन्न विभागों के समन्वय से होने वाले पोषण माह में महिला बाल विकास नोडल विभाग की भूमिका निभाएगा। इस वर्ष पोषण माह की थीम श्‍कुपोषण छोड पोषण की ओर-थामे क्षेत्रीय भोजन की डोरश् है। प्रदेश स्तर पर इस वर्ष भी पोषण माह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। पोषण गतिविधियों की दैनिक प्रविष्टि भारत सरकार की जन-आन्दोलन पोर्टल पर की जाएगी। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा एवं ए.एन.एम. द्वारा गृहभेंट/सर्वे कर 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की ऊँचाई एवं वजन लेने का अभियान चलाया जाएगा। पोषण माह के चार सप्ताह चार अलग-अलग थीम पर निर्धारित किए गए है। एक से 7 सितम्बर तक पोषण वाटिका एवं पौध-रोपण थीम के तहत आँगनवाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, पंचायत भवन अन्य सार्वजनिक स्थल पर पोषण वाटिका के माध्यम से पौध रोपण, किचन गार्डन तथा संबंधित कैम्पस एवं भवन परिसर में न्यूट्री गार्डन को बढ़ावा देना, गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण आहार संबंधी स्लोगन प्रतियोगिता, आँगनवाड़ी केन्द्रों के लिए पोषण वाटिका प्रतियागिता का आयोजन होगा। इसके अलावा केम्प लगाकर स्वच्छता एवं कोविड टीकाकरण के सबंध में दो दिवसीय संवेदीकरण/जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा। दूसरे सप्ताह 8 से 15 सितम्बर तक पोषण के लिए योग एवं आयुष का उपयोग थीम के तहत आयुष पद्धति का पोषण के लिये जागरूकता अभियान, गर्भवती महिलाओं, स्कूल के बच्चों एवं किशोरियों के लिए योगाभ्यास, सरकारी एवं व्यवसायिक संस्थानों में पाँच मिनट का योगा प्रोटोकाल सत्र, महिलाओं एवं बच्चों के लिए फ्री ऑनलाईन योग कोर्स, गर्भावस्था के दौरान एनीमिया के लिए आयुष-आँगनवाड़ी कार्यकर्ता का प्रशिक्षण तथा गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण की रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

राष्ट्रीय पोषण माह के तीसरे सप्ताह 16 से 23 सितम्बर तक हाई बर्डन जिलों के हितग्राहियों को न्यूट्रीशियन किट एवं आई.ई.सी. जागरूकता संबंधी सामग्री का वितरण किया जाएगा। चौथे सप्ताह 24 से 30 सितम्बर तक अति गंभीर कुपाषित बच्चों का चिन्हांकन, पोषण भोजन का वितरण, बच्चों के चिन्हांकन के लिए समुदाय का संवेदीकरण, गर्भवती माताओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा बच्चों के कुपोषण पर केन्द्रित ई-क्विज प्रतियोगिता होगी।

## घर के बाहर टीनशेन में रखी कार हुई चोरी

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सोनी में घर के बाहर खड़ी कार को अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गये, जब युवक रात करीब 3 बजे पेशाब करने के लिए बाहर निकलकर आया तो देखा एक कार चोरी हो गई और दूसरे भाई की खड़ी लोडिंग गाडी सलाहमत है। सुबह फरियादी ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चोर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आनंद पुत्र प्रेमचंद्र जैन निवासी ग्राम सोनी ने बताया रात के समय वह घर में सो रहा था और उनकी कार व एक लोडिंग गाड़ी हमेशा की तरह घर के बाहर टीनसेड में खड़ी करते थे, इसी तरह से कार चोरी हो जायेगी, इसका उन्हें बिल्कुल अंदेशा नहीं था तभी सोमवार-मंगलवार रात 3.30 बजे अज्ञात चोर ईको कार क्रमांक एमपी30सी2273 को चोरी कर रफू चक्कर हो गये, पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## पत्नी ने पति पर दर्ज करायी एफआईआर

भिण्ड। मिहोना थाना क्षेत्र के ग्राम दबरैया में एक महिला अपने पति के विरुद्ध थाने पहुंच गई और उसने पुलिस को बताया उसका पति आये दिन उसके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज करता है और जान से मारने की धमकी देता है पुलिस ने मामले की जांच उपरांत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार माधुरी पत्नी धर्मेन्द्र कुशवाह निनवासी ग्राम दबरैया हाल मातादीन का पुरा अटेर रोड ने बताया कि उसका पति धर्मेन्द्र कुशवाह पुत्र मानसिंह कुशवाह आये दिन उसके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज कर प्रताड़ित करता है और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## कार्यालय प्रमुख वेतन निर्धारण का अनुमोदन जिला पेंशन कार्यालय से कराऐं

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सभी कार्यालय प्रमुखों से कहा है कि कई बार पत्र लिखे जाने के बावजूद भी आज दिनांक तक कार्यालय प्रमुखों द्वारा उनके कार्यालय में अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन निर्धारण प्रकरण लंबित है उन्हें जिला पेंशन कार्यालय भिण्ड में अनुमोदन हेतु भिजवाऐं। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा है कि वेतन निर्धारण प्रकरणों के अनुमोदन हेतु जिला पेंशन अधिकारी को पूर्व में 31 जुलाई 2021 तक अनुमोदन करने के अधिकार कोष लेखा द्वारा दिए गए थे। अब उक्त अधिकार जिला पेंषन अधिकारी को 30 सितम्बर 2021 तक कोष लेखा द्वारा प्रदान किये गये है। इसलिए जिले के समस्त कार्यालय प्रमुख जिनके यहां अधिकारी/कर्मचारियों के पेंषन प्रकरण लंबित है वे अविलम्ब जिला पेंशन कार्यालय भिण्ड को अनुमोदन हेतु भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि शत प्रतिशत वेतन निर्धारण का कार्य पूर्ण हो सके। कलेक्टर ने कहा कि निर्देशों का पालन न करने वाले कार्यालय प्रमुखो के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव शासन को भेजा जावेगा।

# भक्तों का किया सम्मान

### सामूहिकता से बड़े से बड़े कार्य सम्पन्न हो जाते है : दयानन्द जी महाराज



भिण्ड। कुण्डेश्वर महादेव मंदिर सिटी कोतवाली के सामने इटावा रोड भिण्ड में श्रावण मास में चले अखण्ड ऊं नमः शिवाय पंचाक्षर महाजाप के सम्पन्न होने के बाद कुण्डेश्वर महन्त श्री दयानन्द जी महाराज, श्री मोहनमुनी मोनू बाबा ने ऊं नमः शिवाय जाप ने अनवरत पूरे माह सेवा भाव से कार्य (जाप) करने वाले भक्तों को रुद्राक्ष की 108 मनकों की माला पहना कर उनका सम्मान किया महन्त श्री दयानन्द जी ने कहा है कि भक्तों से ही भगवान की महिमा है अगर भक्त भाव से पूजा करता है तो किसी भी मंदिर में जागृति ला सकता है हमारे सनातन धर्म मे यही परम्परा है कि सामुहिक होकर किसी भी बड़े से बड़े कार्य को पूर्ण कर सकते है अगर हम ओर आप सेवा भाव से इस आयोजन में कार्य न किया होता हो अखण्ड जाप एक माह तक चलना असम्भव था संगठन में ही शक्ति है ऊं नमः शिवाय के जाप से मनुष्य के कष्ट व दरिद्रता दूर हो जाती है कार्यक्रम में समस्त भक्त मण्डल कुण्डेश्वर महादेव मंदिर उपस्थित रहे।

## परिजन गए खेत में धान बोने, किशोरी हुई रफू चक्कर

भिण्ड। एंडोरी थाना क्षेत्र के ग्राम पटकुईया में एक किशोरी अपने प्रेमी के साथ भाग गई, जब परिजनों ने उसकी तलाशी की तो कहीं नहीं मिली, जिसके बाद थाने पहुंचकर संदेही युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 16 वर्षीय किशोरी निवासी ग्राम पटकुईयापुरा जो सोमवार-मंगलवार रात लगभग 8.20 बजे से 1 बजे के बीच जब परिजन खेत पर धान बोने के लिए गये हुए थे, इसी दौरान उसने अकेले पन का फायदा उठाया और अपने प्रेमी के साथ भाग निकली। जब परिजनों ने उसकी खोजबीन की तो पता नहीं चला, जिसके बाद थाने पहुंचकर संदेही युवक पंकज दंडोतिया निवासी सिंकदर कंपू ग्वालियर के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

# भिण्ड की सड़कों का चौड़ीकरण हो : सांसद संध्या राय

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भिंड की महत्वपूर्ण सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने के लिए ध्यान आकर्षित कराया



भिण्ड। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने राजधानी भोपाल में अपने एक दिवसीय प्रवास के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर भिंड और दतिया की महत्वपूर्ण सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने के लिए मांग पत्र सौंप कर उनका ध्यान आकर्षित कराया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट कर अपने लोकसभा क्षेत्र भिंड के अंतर्गत स्थित विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण के साथ-साथ भिंड से उमरी होते हुए में मिहोना तक एवं सेवड़ा से होते हुए इंदरगढ़ से दतिया तक मार्गो को चौड़ीकरण 2 लेन/4 करवाए जाने के संबंध में अवगत कराया जिससे यह रोड राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जा सके और लोकसभा क्षेत्र विकास की दिशा में आगे बड़े। भाजपा सांसद श्रीमती राय ने मुख्यमंत्री चौहान को अवगत कराया कि यह निर्धारित सड़कें राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जाएंगे जिससे आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी और अच्छी से अच्छी क्वालिटी के साथ जोड़ों को जोड़कर विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकेगा। श्रीमती भाजपा सांसद राय को मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि इस संबंध में शीघ्र ही वरिष्ठ अधिकारियों को संज्ञान में लाकर कार्यवाही अति शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।

## चोरी का पर्दाफाश तो दूर, चोरी की रिपोर्ट तक दर्ज नही की

गोहद। एक तरफ मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करने की सुविधा देने की बात कर रही है वही गोहद थाना पुलिस ने फरियादी के थाना में उपस्थित होने के बाबजूद चोरी की रिपोर्ट तक दर्ज नही की फरियादी से आवेदन लेकर कर्तव्य की इतिश्री कर ली अगर पुलिस जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर नियमो का पालन करना चाहती है तो घटना के चार दिन गुजर जाने के बाद गांव में आकर घटनास्थल का मौका मुआयना तक करना उचित नही समजा चंदाहरा गांव में 26 अगस्त की रात्रि गांव में हरिशंकर शर्मा, रिषिकेश शर्मा, मृगेंद्र शर्मा, रामबाबू शर्मा के यहाँ एव चंदहर गांव की नलजल योजना में लगी मोटरों की केबल तथा स्टार्टर को चोरो ने पार कर दी चोरी की जानकारी सर्वप्रथम 100 नम्वर पर सूचना दी।

## टोक्यो में डंका

टोक्यो पैरालंपिक में भारत की अवनि लेखरा ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर स्पर्धा एसएच-1 में यह स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान की अवनि लेखरा ने इतिहास रच दिया। टोक्यो पैरालिंपिक में अवनि लेखरा ने फाइनल में 249.6 पॉइंट हासिल कर यूक्रेन की इरिना शेटनिक के रिकॉर्ड की बराबरी की। शूटिंग में गोल्ड जीतने के साथ ही अवनि देश की पहली महिला खिलाड़ी बन गई, जिसने ओलिंपिक या पैरालिंपिक में गोल्ड मेडल जीता हो। टोक्यो पैरालंपिक में भारत का यह पहला स्वर्ण पदक है। पुरुषों की एफ-56 डिस्कस थ्रो स्पर्धा में भारत के योगेश कथुनिया ने रजत पदक जीता। जबकि पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में देवेंद्र झाझरिया रजत पदक जीतने में सफल रहे। वहीं सुंदर सिंह गुर्जर ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। बीता पांचवां दिन भारत के लिए शानदार रहा और तीन भारतीय एथलीट पदक जीतने में सफल हुए। अब तक भारत सात पदक जीत चुका है और कई स्पर्द्धाओं में पदक पक्का कर लिया है। मगर अवनि की जीत सबसे अहम है। एक ऐसी खिलाड़ी का गोल्ड जीतना जो जीवन से हार चुकी थी और अपाहिज की तरह जीवन गुजारने के सिवाए दूसरा रास्ता नहीं था। मगर अवनि ने अपने माता-पिता के सहारे नई यात्रा शुरू की। उनकी प्रेरणा से आज ऐसा मुकाम हासिल कर लिया है, जिसकी खुद उन्हें उम्मीद नहीं थी। अवनि का गोल्ड सिर्फ मेडल नहीं है, यह उन लोगों के लिए प्रेरणा है जो सफलता न मिलने पर निराश हो जाते हैं या शारीरिक अक्षमता को जीवन का हिस्सा मानकर आगे बढने से रुक जाते हैं। जयपुर की रहने वाली अवनि ने 9 साल पहले कार एक्सीडेंट में अपने दोनों पैर गंवा दिए थे। अवनि व्हीलचेयर पर हैं। पैरालिंपिक इतिहास में भारत के लिए महिलाओं ने तीसरा मेडल जीता है, इससे पहले शॉटपुट में दीपा मलिक और इसी पैरालिंपिक में भाविना पटेल ने टेबल टेनिस में मेडल जीता है। वहीं ओलिंपिक में महिलाओं ने भारत को अब तक 8 मेडल दिलाए हैं। इनमें पीवी सिंधु ने 2, जबकि कर्णम मल्लेश्वरी, साइन नेहवाल, मैरीकॉम, साक्षी मलिक, मीराबाई चानू, लवलीना भारत को मेडल दिला चुकी हैं। हालांकि कोई भी महिला आज तक भारत को गोल्ड नहीं दिला पाई। टोक्यो पैरालंपिक में कामयाबी की नई इबारत लिखने वाली अवनि ने साल 2015 में जयपुर (राजस्थान) के जगतपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शूटिंग शुरू की। 8 नवंबर 2001 को जयपुर में जन्मीं अवनि को पिता ने खेल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। अवनि ने शुरू में शूटिंग और तीरंदाजी दोनों की कोशिश की। इसके बाद अवनि को शूटिंग में ज्यादा मजा आया। इसके बाद वह इसे ही जारी रखा। भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा की किताब पढने के बाद वह और भी प्रेरित हुईं। बता दें कि अवनि राजस्थान विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की हैं। अवनि ने 2017 में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। यूएई में हुए विश्व कप में उन्होंने हिस्सा लिया था। साल 2019 में उन्हें भारत में गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा मोस्ट प्रॉमिसिंग पैरालंपिक एथलीट नामित किया गया था। अवनि ने साल 2018 में एशियन पैरा गेम्स में भी हिस्सा लिया था। इससे पहले टोक्या ओलंपिक भी भारत के लिहाज से काफी उम्दा रहा था। उत्साहजनक और संतोषजनक केवल यह नहीं है कि टोक्यो गए हमारे अनेक खिलाड़ी उम्मीदों पर खरे उतरे, बल्कि यह भी है कि वे देश में एक नई खेल संस्कृति विकसित हो जाने की गवाही भी दे रहे हैं। भले ही अपने प्रदर्शन से देश-दुनिया का ध्यान खींचने वाले कुछ खिलाड़ी पदक तालिका में अपना नाम अंकित न कर सके हों, लेकिन वे अपनी हिम्मत और कौशल से बेहतर भविष्य की मुनादी कर रहे हैं।

# जिन पे तकिया था वही पत्ते हवा देने लगे

**तनवीर जाफ़री**

भारतवर्ष गत कई दशकों से पाक प्रायोजित आतंकवाद का शिकार रहा है। पाकिस्तान द्वारा प्रेषित आतंकियों ने जहाँ सैन्य ठिकानों,सैन्य कर्मियों उनके परिजनों पर किये हमले किये वहीँ मुंबई में रेलवे स्टेशन व ताज होटल जैसे सार्वजनिक स्थलों पर 26 /11 जैसा बड़ा हमला कर अपने दुस्साहस का परिचय देने की भी कोशिश की। परन्तु इनके अलावा पाकिस्तानी आतंकी आक़ाओं ने देश के रघुनाथ मंदिर, अक्षरधाम मंदिर, संकटमोचन मंदिर व अयोध्या जैसे कई प्रमुख पवित्र धर्मस्थलों को भी निशाना बनाया।राजनैतिक विश्लेषकों द्वारा उस समय यह लिखा व कहा जाता था कि पाकिस्तान व उसके पोषित गुर्गों द्वारा भारत में धर्मस्थलों को इसलिये निशाना बनाया जा रहा है ताकि भारत में हिन्दुओं व मुसलमानों के बीच नफ़रत की खाई गहरी की जा सके। देश के इन दोनों समुदायों के बीच नफ़रत व हिंसा का माहौल पैदा किया जा सके। परन्तु देश में साम्प्रदायिक शक्तियों की सक्रियता तथा पाकिस्तान के तमाम कुत्सित दुष्प्रयासों के बावजूद हमारे देश में साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव पूरी मज़बूती से बरक़रार था। परन्तु गत एक दशक में हमारे देश में सांप्रदायिक शक्तियों का जिसतरह उभार हुआ है,ख़ास तौर पर ऐसे लोगों को जिसतरह सत्ता संरक्षण हासिल हो रहा है उन्हें देखकर तो साफ़ ज़ाहिर होता है कि अब हमारे ही देश में सक्रिय राजनैतिक संरक्षण प्राप्त असामाजिक तत्वों ने पाकिस्तानी आतंकी रणनीतिकारों का काम आसान कर दिया है। बल्कि यह भी कहा जा सकता है कि भारत में अनेक धर्मस्थलों पर बड़े से बड़ा हमला करने के बावजूद भारतीय समाज में जो विघटन पाकिस्तान तीन दशकों में पैदा नहीं कर सका वह काम भारत में ही रहने वाले %स्वयंभू राष्ट्रवादियों % ने महज़ एक दशक के भीतर ही कर डाला।

पूरे देश में अब तक मॉब लिंचिंग की सैकड़ों घटनायें हो चुकी हैं। गौतस्करी के नाम पर सैकड़ों लोगों की जानें ली जा चुकी हैं। और नफ़रत की यह आग जो कि उम्मीद की जा रही थी कि शायद कोरोना काल के बाद कुदरत के क़हर से डर कर शायद ठंडी पड़ जायेगी परन्तु ठीक इसके विपरीत सत्ता व मीडिया के संयुक्त नेटवर्क ने इसे और भी प्रज्वलित कर दिया। कोरोना काल में मीडिया ने %कोरोना जिहाद % नामक नई शब्दावली गढ़ डाली। लोगों के घरों के फ़्रिज व पतीलों में झाँक कर गौमांस ढूँढा जाने लगा। दो अलग अलग समुदायों के लड़कों व लड़कियों का साथ रहना,पढ़ना,घूमना पार्कों में बैठना सब मुश्किल हो गया। और नफ़रत की यह आग अब तो इतनी ज़्यादा फैल चुकी है कि इसने अनैतिकता की सभी हदें पार कर दी हैं। अब तो यदि हत्यारा व बलात्कारी बहुसंख्य समाज का है और पीड़ित परिवार या बलात्कार व हत्या की शिकार किशोरी अल्पसंख्यक समाज की तो यही सत्ता संरक्षित असामाजिक तत्वों की भीड़ हत्यारे व बलात्कारी के पक्ष में खुल कर खड़ी हो जाती है। इतना ही नहीं इस भीड़ में मंत्री नेता सांसद व विधायक तक शरीक ही नहीं होते बल्कि ऐसी भीड़ का नेतृत्व करते हैं। कभी अल्पसंख्यक समाज के किसी रेहड़ी सब्ज़ी वाले की पिटाई कर दी जाती है तो कभी किसी मेहनतकश रिक्शे वाले को मारा जाता है। कभी किसी ग़रीब की दाढ़ी जबरन काट दी जाती है तो कभी जय श्री राम का नारा लगाने के लिये बाध्य किया जाता है। जिन्हें खुद पूरा वंदे मातरम याद नहीं वह अल्पसंख्यकों को वन्देमातरम पढ़ने के लिये मजबूर करते हैं। और इंसानियत तो तब और भी शर्मसार होती है जब किसी मुस्लिम बच्चे को कई हट्टे कट्टे लोगों द्वारा मिलकर सिर्फ़ इस बहाने पीटा जाता है कि उसने मंदिर के बाहर लगे सार्वजनिक वाटर कूलर से अपनी प्यास बुझाने के लिये पानी क्यों पी लिया ? शायद इन %राष्ट्रवादियों % को भाई कन्हैया सिंह जी का वह मानवता पूर्ण मार्मिक इतिहास पता नहीं जबकि वह मैदान-ए-जंग में अपने दुश्मनों के घायल सैनिकों को भी पानी पिला कर मानवता की मिसाल पेश करते थे। देश की एकता को बाधित करने वाले इन तत्वों को तथा इन्हें प्रोत्साहित करने व उकसाने वाले नेताओं को जिस प्रकार पदोन्नति दी जा रही है उससे भी सन्देश



साफ़ है कि असामाजिक तत्व जो चाहे करें उनका सरकार या क़ानून अथवा प्रशासन कुछ नहीं बिगाड़ने वाला। इसीलिये अब इसतरह की घटनायें लुक छुप कर नहीं की जातीं बल्कि पूरे योजनाबद्ध तरीक़े से होती हैं। किसी ऐसी हिंसक घटना को अंजाम देने से पहले बाक़ायदा इसकी वीडीओ बनाई जाती है। और ऐसी हिंसा पूर्ण वीडीओज़ को सोशल मीडिया पर अपलोड कर उन्हें वायरल कराया जाता है। उसके बाद यही अपराधपूर्ण वीडीओ देशवासियों को धर्म के आधार पर विभाजित करने व समाज में फूट डालने का सबब बनती हैं। नतीजतन देश के किसी दूसरे क्षेत्र से कुछ ही दिन बाद इसी तरह की एक और घटना की ख़बर आ जाती है। पिछले दिनों मध्य प्रदेश के इंदौर में एक अल्पसंख्यक समुदाय के चूड़ी बेचने वाले ग़रीब युवक की बेरहमी से पिटाई की घटना को ही देखिये। सुनियोजित तरीक़े से कैसे उसकी पिटाई का वीडीओ बनाया गया। वीडीओ वायरल होने पर किस तरह मध्य प्रदेश के गृह मंत्री महोदय आक्रमणकारी असामाजिक तत्वों के बचाव में यह कहते हुए उतरे कि चूड़ी बेचने वाले की पिटाई का कारण यह था कि वह अपना असली नाम छुपा कर कोई हिन्दू नाम रखकर चूड़ियां बेच रहा था। यह आरोप भी लगाया गया कि चूड़ी बेचने वाले ने किसी लड़की से छेड़ छाड़ की थी।

उपरोक्त घटनाक्रम में यदि यह मान भी लिया जाये कि चूड़ी विक्रेता युवक अपना नाम बदल कर चूड़ियां बेच रहा था तो भी सत्ताधीशों को इस बात पर शर्म आनी चाहिये कि उन्होंने व उनके समर्थक अतिवादियों ने ही आख़िर ऐसा भयपूर्ण वातावरण क्यों पैदा किया जिसकी वजह से समाज के एक वर्ग में इतना भय व्याप्त हो गया कि वह ग़रीब अपनी रोज़ी रोटी कमाने के लिये धर्म आधारित अपनी असली पहचान छुपाने के लिये मजबूर हुआ ? बात यहीं ख़त्म नहीं हुई बल्कि जब पुलिस ने राष्ट्रव्यापी आलोचना,शोर शराबे व हंगामे के बाद वायरल वीडीओ के आधार पर कुछ आक्रमणकारी अतिवादियों की गिरफ़्तारी की तो उन के समर्थन में हज़ारों लोगों की भीड़ हिंदुत्ववादी ध्वज लेकर सड़कों पर उतर आयी और आपत्तिजनक नारे लगाते हुये हमलावरों को छुड़ाने की मांग करने लगी। ठीक उसी तरह जैसे 6दिसंबर 2017 को राजस्थान में लव जिहाद के नाम पर अफ़राजुल की दिनदहाड़े हत्या करने व उसे ज़िंदा जला कर मार डालने वाले के हत्यारे शंभु रैगर के समर्थन में भीड़ उतर आई थी। उसी तरह जैसे जनवरी 2018 में कठुआ में ग़रीब मज़दूर परिवार की 8 वर्षीय कन्या आसिफ़ा बानो के सामूहिक बलात्कारियों व हत्यारों के समर्थन में तिरंगा झण्डा हाथों में लेकर सत्ताधारी मंत्रियों व विधायकों की एक भीड़ सड़कों पर उतर आयी थी।ऐसे और भी दर्जनों उदाहरण मौजूद हैं।

क्या इस तरह की घटनायें पाकिस्तानी मंसूबों को पूरा नहीं करतीं ? यह भी कहा जा सकता है कि धार्मिक उन्माद फैलाने के पाकिस्तानी दुष्प्रयासों को उतनी सफलता नहीं मिल सकी जितनी सत्ता समर्थित इन तत्वों को मिल रही है। दंगाइयों, हत्यारों, बलवाईयों व समाज को तोड़ने वाले तत्वों पर से मुक़द्दमे वापस लेना, पुलिस द्वारा इनके विरुद्ध कार्रवाई न करना,ऐसे लोगों को गोदी मीडिया द्वारा हीरो बनाकर पेश करना,उन्हें राजनैतिक पद नवाज़ना यह सब बक़ौल साक़िब लखनवी इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये पर्याप्त है कि -

**बाग़बाँ ने आग दी जब आशियाने को मेरे।**

**जिन पे तकिया था वही पत्ते हवा देने लगे।।**

## जीवन निर्भरता और आत्म -निर्भरता का संयोग है

जीवन में सम्पूर्ण आत्म निर्भरता जैसा कुछ नहीं है। इसे भूल जाओ। यदि आप सोचते हो कि मैं पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हो जाऊं तो ऐसा नहीं होगा। 15, 16 या 17 साल की आयु तक आप आत्मनिर्भर नहीं थे। आप आश्रित ही पैदा हुए थे। आप अपने आप उठ भी नहीं सकते थे, और कोई और आपको उठाता था। कोई आपके डायपर बदलता था। कोई आपको नहलाता था। कोई खिलाता था। कोई सुलाता था। आप एक आश्रित ही पैदा हुए थे और अंत में भी आश्रित ही रहोगे। जब आपकी मृत्यु हो जाती है तो आप अपने शरीर को अपने आप नहीं जला या दफना सकते। जब आप बीमार होते हो किसी को आपका ध्यान रखना होता है। आप अपने डाक्टर नहीं बन सकते। 50-60 वर्ष की आयु के बाद यह बिलकुल स्पष्ट हो जाता है कि आप किसी पर निभर होते हो। किसी हद तक आप नहीं कह सकते कि, ÷मैं पूरी तरह से आत्म निर्भर हूँ÷। आपको किसी ना किसी की सहायता लेनी ही पड़ती है। अच्छा, फिर यह भी धारणा है कि आप पैसे से आत्मनिर्भर बनते हो। हमें अपनी ज़रुरत पूरा करने के लिए कुछ पैसा चाहिए, पर मान लो कोई भी आपके लिए कार्य करना न चाहे, तो आपका क्या होगा? आपकी धारणा गलत है कि पैसा आपको आत्मनिर्भर बनाता है। पर इसके साथ साथ आप अपने आप को आत्मनिर्भर मान सकते हो, आप अपने कार्यों के लिए स्वतंत्र हो, आप अपनी भावनायों को नियंत्रित करने के लिए मुक्त हो, यदि आप अच्छा महसूस करना चाहते हो तो यह आपके अपने हाथ में हैं। यदि आप अच्छा महसूस नहीं करना चाहते तो यह भी आपके अपने हाथों में हैं। आपको अष्टवप्र गीता सुननी चाहिए। जीवन निर्भरता और आत्म -निर्भरता का संयोग है। यदि आप दयालु होना चाहते हो, तो आपको पूरी स्वतंत्रता है ऐसा बनने की।

## आधुनिक खेती और प्रदूषित होती धरती का मर्म!!

**ऋतुपर्ण दवे**

चकमक पत्थरों से आग पैदा करने से लेकर आज माइक्रोवेव ऑवन के दौर तक का सफर बेहद रोमांचक और यादगार है। पाषाण युग में जीव, वनस्पतियों को पहले कच्चा खाकर पेट भरना बाद में पकाकर खाना सीखना भी मानव सभ्यता की सिलसिलेवार कहानी है। यह विकास यात्रा जितनी रोचक है उतनी ही विस्तृत और कुछ यूँ कि कितना भी लिखा जाए शोध किया जाए, कभी खत्म नहीं होने वाली सत्यकथा। चूल्हे में पकाए भोजन का स्वाद, उसका जो महत्व था अब भी जस का तस है। चूल्हा पके भोजन व शुध्द प्राकृतिक उपज का अटूट संबंध भी है। इसके पीछे का मर्म कहें या संदेश साफ है कि शुध्द प्राकृतिक वातावरण वनस्पतियों को भी चाहिए। मानव व वनस्पति दोनों की जननी भूमि, हमारे स्वास्थ्य व समृध्दि के लिए वरदान है। यही प्रकृति शारीरिक विकृतियों, बीमारियों से बचाव का साधन भी है जिसे समझना होगा। यही वजह है कि अत्याधुनिक इस दौर में एक बार फिर प्राकृतिक और अब नया नाम ऑर्गेनिक खेती खूब चर्चाओं में है।

अरबों साल पुरानी धरती पर मानव जीवन 50 से 75 लाख साल पुराना माना जाता है। अध्ययनों और शोधों से भी पता चलता है कि मनुष्य ने कृषि में कई तरह के विकास पूर्व पाषाण युग में किए जो कि आधुनिक काल से 20-25 लाख साल पूर्व से शुरू होकर 12 हजार साल पूर्व तक माने जाते हैं। यानी यह वह दौर था जब कृषि का महत्व बढ़ता ही गया। विकास और सीखने के दौर में खेती केवल पत्थरों के औजारों से निकलकर हल-बैल, बक्खर से होते हुए रहट, तालाब, नहर, ट्रैक्टर, पॉवर ट्रिलर, बिजली के पंप यहां तक कि हरित ऊर्जा यानी सोलर पॉवर तक न केवल आ पहुँची बल्कि अहम होने लगी। दुनिया की अर्थव्यवस्था की प्रमुख धुरियों में खेती-किसानी भी शुमार होने लगी। भारतीय कृषि के संदर्भ में देखें तो रसायनिक खादों से पहले अरंडी, नीम, मूँगफली, सरसों आदि की खली की खाद, हड्डी का चूरा, सनई और मूँग की हरी और सूखी



पत्तियों की खाद, बर्मी कम्पोस्ट का खूब चलन था। यह तब की विशुध्द प्राकृतिक खेती का दौर कहा जा सकता है। सच है कि भारतीय किसान 1960 से पहले यूरिया नहीं जानते थे। मवेशियों के मल से तैयार जैविक खाद और पारम्परिक कृषि पर ज?यादा निर्भरता थी। लेकिन तभी यह मिथक बढ़ा कि प्राकृतिक खादों से फसल का उत?पादन नहीं बढ़ता है। इसी बीच कृषि को अघोषित रूप से ही सही बड़ा इकोनॉमी सेक्टर मान लिया गया और पूरी दुनिया में उत्पादन पर बढ़ावा जैसे शोध और नित नई तकनीकी के प्रयोगों का दौर चल पड़ा। हर रोज खेती एक नए और परिवर्तित रूप में दिखनी लगी। रसायनों के साथ हारवेस्टर, थ्रेसर और नए उपकरणों के चलते पैदावार बढ़ाने की तकनीकों के बीच धरती की सेहत का ध्यान ही नहीं रहा। बढ़ती जनसँख्या और खाद्यान्नों की जरूरतों के बीच उत्पादन की होड़ में यह भी ध्यान नहीं रहा कि जमीन पर रसायनों का कैसा दुष्प्रभाव हो रहा है? सच तो यह है कि इस बारे में ईमानदारी से सोचा ही नहीं गया। तभी हरित क्रान्ति का दौर जो आया तथा यूरिया और तमाम रासायनिक उर्वरकों ने देखते ही देखते दुनिया भर में खेती के तौर तरीके ही बदल दिए। यूरिया के परिणामों से फसल तो लहलहा उठी। लेकिन जल्द ही भोजन में आवश्यक तत्वों की कमीं और शरीर के लिए घातक तत्वों की अधिकता के साथ ही रसायनों के लगातार उपयोग ने जमीन की उर्वरता पर जो असर दिखाए उसने नई बहस और चिन्ता को जन्म दे दिया। खेत बंजर होने लगे तो समझ आया कि रसायनिक उर्वरक अब तक उपजाऊ रही जमीन को किस कदर खराब कर देते हैं। यह अब सबकी समझ में आने लगा है। शायद यही वजह भी है कि समूची दुनिया में एक बार फिर प्राकृतिक खेती पर बहस छिड़ गई है।

दरअसल खेती एक स्वतः प्रकृति जनित प्राकृतिक प्रक्रिया है। अज्ञानता कहें या उपज की हवस जो भी उसी के फेर में प्राकृतिक रूप से उपजाऊ जमीन का हमने बेहरमीं से मिजाज ही बदल डाला। शुरू में तो जरूर भरपूर बल्कि कहें इफरात पैदावार हुई।

# मानसून में मलेरिया और डेंगू से सुरक्षित रहने के उपाय

### सूडोकु नवताल- 5819

✶✶✶✶✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल 5818 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

मच्छर दिखने में कितने भी छोटे क्यों न हों, वे दुनिया के सबसे घातक परजीवियों में से एक हैं, जो हर साल हमारी जान लेते हैं। एक मच्छर का काटना भी मलेरिया और डेंगू का शिकार होने के लिए काफी है। मानसून की शुरुआत के साथ, इन जानलेवा बीमारियों का खतरा हर साल हम पर मंडराता है। कीड़े कितने भी छोटे क्यों न हों, वे दुनिया के सबसे घातक परजीवियों में से एक हैं, जो हर साल जीवन लेने का दावा करते रहते हैं। उदाहरण के लिए मलेरिया को ही लें।

दोषोअल्पोहित सम्भूतो ज्वरोत्सृष्टस्य व पुनः .

धातुमन्यतमम प्राप्य करोति विषमज्वरम .(सु उ अ 39) यःस्याद नियतत्काला च्छितोष्णाभीआम तथैव च .वेगतश्चापि विषमज्वराः सा विषमः स्मृतः .(भालुकी)जो ज्वर नियमित रूप से गर्मी या सर्दी लगने के बाद अनियमित काल में आता हैं तथा जिसका वेग बी विषम होता हैं कभी तीव्र संताप से और कभी मंद संताप से चढ़ता हैं उसे विषम ज्वर कहते हैं

जिसका आरम्भ ,क्रिया तथा काल विषम हो उसे विषम ज्वर कहते हैं .

मलेरिया~ शाम और भोर के बीच सबसे ज्यादा संक्रमित करते हैं ----

मलेरिया संक्रमण प्लास्मोडियम परजीवी के कारण होता है और मादा एनोफिलीज मच्छर द्वारा फैलता है। यह मच्छर के शरीर में 18 दिनों तक विकसित होता है और फिर किसी व्यक्ति को काटने पर मच्छर की लार से गुजरता है। एक बार जब मलेरिया परजीवी



रक्तप्रवाह में प्रवेश कर जाता है, तो संक्रमित व्यक्ति में बुखार, ठंड लगना, पसीना आना, सिरदर्द आदि जैसे कई लक्षण दिखाई देते हैं। संक्रमण अधिक गंभीर प्रतिक्रियाओं का कारण बन सकता है जैसे कि गुर्दे की विफलता और अत्यधिक गंभीर मामलों में अनुपचारित छोड़ दिए जाने पर मृत्यु।

यह मच्छर मुख्य रूप से शाम और भोर के बीच काटता है, और यह खुले मैदानों, वर्षा जल और पोखर, सीपेज आदि में प्रजनन करता है। डब्ल्यूएचओ के एक अध्ययन से पता चलता है कि यह विश्व स्तर पर अनुमानित दो करोड़ मामलों का कारण बनता है और इसके परिणामस्वरूप हर साल 4 लाख से अधिक मौतें होती हैं। डेंगू~ सुबह जल्दी और शाम होने से ठीक पहले सबसे ज्यादा खतरा होता है दूसरी ओर, डेंगू एडीज मच्छरों द्वारा प्रसारित सबसे प्रचलित वायरल संक्रमण है। इसके सबसे ज्यादा काटने का समय सुबह जल्दी और शाम से ठीक पहले होता है। यह किसी भी प्रकार के कंटेनर में, पानी की थोड़ी मात्रा के साथ भी प्रजनन कर सकता है। चौंकाने वाली बात यह है कि इसके अंडे बिना पानी के एक साल से भी ज्यादा समय तक जीवित रह सकते हैं!

डेंगू के लक्षणों में तेज बुखार, तेज सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द आदि शामिल हैं। इसमें चकत्ते, मतली और उल्टी भी शामिल हो सकती है, जिससे रक्तस्रावी शॉक और बहु-अंग विफलता हो सकती है। आंकड़े बताते हैं कि दुनियाभर में 10 से 40 करोड़ लोग इस वायरस से संक्रमित हो जाते हैं। डेंगू/गंभीर डेंगू के लिए कोई विशिष्ट उपचार नहीं है। हालांकि, उचित चिकित्सा देखभाल तक पहुंच गंभीर डेंगू की मृत्यु दर को कम कर सकती है। डेंगू दो बार हो सकता है, और दूसरी बार यह और भी अधिक जानलेवा साबित हो सकता है? डब्लू एच ओ के अध्ययन में ऊपर बताया गया है कि डेंगू दुनिया भर में लगभग 9 करोड़ रोगसूचक मामलों और हर साल अनुमानित 40,000 मौतों के लिए जिम्मेदार है!

मच्छर से होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय चिंताजनक परिस्थितियों को देखते हुए, यह सुनिश्चित करें कि आप इन संक्रमणों के शिकार न हों, खासकर इस मानसून के मौसम में? खैर, सुरक्षा और सावधानियां जागरूकता से शुरू होती हैं। अपने आस-पास के क्षेत्रों की पहचान करना जो इन राक्षसी जीवों के लिए प्रजनन स्थल हैं, आवश्यक है।

## काबुल से अमेरिकी वापसी

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

अब लगभग 20 साल बाद आज अमेरिका अफगानिस्तान से वापस लौट रहा है। विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र आज किस मुद्रा में है? गालिब के शब्दों में 'बड़े बेआबरु होकर तेरे कूचे से हम निकले।' यदि अमेरिका की तालिबान से सांठ-गांठ नहीं होती तो काबुल छोड़ते वक्त हजारों अमेरिकी मारे जाते जैसे कि 1842 में अंग्रेजों की फौज के 16000 सैनिकों में से एक के सिवाय सब मारे गए थे। अब तालिबान का ताजा बयान है कि काबुल हवाई अड्डे पर 13 अमेरिकी इसलिए मारे गए कि वे विदेशी थे। विदेशी फौज की वापसी के बाद खुरासान गिरोह इस तरह के हमले क्यों करेगा? यदि ऐसा हो जाए तो क्या बात है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि अब अमेरिकियों के चले जाने के बावजूद इस तरह के हमले बंद हो जाएंगे। इस्लामिक राज्य या अल-कायदा या खुरासान गिरोह और तालिबान के बीच सैद्धांतिक मतभेद तो हैं ही, सत्ता की लड़ाई भी है। खुरासनी गिरोह के लोग अमेरिकियों के साथ तालिबान की सांठ-गांठ के धुर विरोधी रहे हैं। वे काबुल से तालिबान को भगाने के लिए जमीन-आसमान एक कर देंगे। तालिबान सिर्फ अफगानिस्तान में इस्लामी राज्य चाहते हैं लेकिन खुरासानी गिरोह अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत और म्यांमार तक इस्लामी राज्य फैलाना चाहते हैं। वे पाकिस्तान से भी काफी खफा है। वे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान की तरह इस्लामाबाद को भी अपना शत्रु समझते हैं। उन्होंने और तहरीक के लोगों ने पाकिस्तान में बड़े-बड़े हमलों को अंजाम दिया है। वे तालिबान को भी काबुल में चैन से क्यों बैठने देंगे? तालिबान ने फिलहाल शिनच्यांग के चीनी उइगर मुसलमानों से हाथ धो लिये हैं, कश्मीर को भारत का आंतरिक मुद्दा बता दिया है और मध्य एशिया के मुस्लिम गणतंत्रों में इस्लामी तत्वों के दमन से भी हाथ धो लिये हैं। इसीलिए अब तालिबान और खुरासानियों में जमकर ठनने की आशंका है। इसके अलावा तालिबान भी कई गिरोहों (शूरा) में बंटे हुए हैं। वे आपस में भिड़ सकते हैं। यह भिड़ंत अफगानिस्तान की संकटग्रस्त आर्थिक स्थिति को भयावह बना सकती है। हथियारों का जो ज़खीरा अमेरिकी अपने पीछे छोड़ गए हैं, वह कई नए हिंसक गुट पैदा कर देगा। अमेरिका तो इसी से खुश है कि अफगानिस्तान से उसका पिंड छूट गया। वह लगभग इसी तरह कोरिया, वियतनाम, लेबनान, लीब्या, एराक, सोमालिया आदि देशों को अधर में लटकता छोड़कर भागा है। भारत अभी अमेरिका के साथ सटा हुआ है लेकिन उसे उसकी पुरानी हरकतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

# एक्सपायर परफ्यूम को फेंकने की बजाय इस तरह करें उसका इस्तेमाल



अगर आपके पास कोई ऐसा परफ्यूम है जो एक्सपायर हो चुका या फिर जिसका आप इस्तेमाल नहीं करते हैं तो उसे फेंकने के बजाय आप उसका इस्तेमाल विभिन्न तरीकों से कर सकते हैं। इस परफ्यूम का इस्तेमाल आप नहाने के पानी को खुशबूदार बनाने से लेकर रूम डिफ्यूजर आदि के लिए कर सकते हैं। चलिए फिर आज आपको एक्सपायर या इस्तेमाल में नहीं आ रहे परफ्यूम से जुड़े कुछ अद्भुत हैक्स के बारे में बताते हैं।

## पैरों की बदबू को करें दूर

अगर आप अपने पैरों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं तो इस समस्या से छुटकारा दिलाने में परफ्यूम आपकी काफी मदद कर सकता है। अगर आपके पास ऐसा कोई परफ्यूम है जिसका आप इस्तेमाल नहीं करते हैं तो इससे आप अपने पैरों की बदबू को दूर कर सकते हैं। इसके लिए पहले अपने पैरों को धोने के बाद परफ्यूम को उन पर अच्छे से छिड़कें और मोजे या जूते पहनने से पहले परफ्यूम को सूखने दें।

## रूम फ्रेशनर बनाएं

अगर आपका रूम फ्रेशनर खत्म हो गया है तो बाजार से नया फ्रेशनर खरीदने की बजाय आप परफ्यूम से रूम फ्रेशनर बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक कप पानी में अपना एक्सपायर परफ्यूम अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इसमें एक से दो चम्मच लैवेंडर ऑयल अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में भरें और फिर इसका इस्तेमाल बतौर रूम फ्रेशनर करें।

## खुशबूदार मोमबत्तियां बनाएं


आप चाहें तो अपने एक्सपायर परफ्यूम से खूशबूदार मोमबत्तियां बनाकर अपने घर को महका सकते हैं। बस जब भी आप मोमबत्ती बनाने के लिए मोम को पिघलाएं तो उसमें परफ्यूम की पांच से छह बूंदें अच्छे से मिलाएं और जब मोम अच्छे से जम जाए तो मोमबत्तियों का इस्तेमाल करें। ये खुशबूदार मोमबत्तियां जलने के बाद आपके मूड और कमरे के माहौल को एकदम अच्छा और खुशबूदार बना देंगी।

## बालों को महकाएं

अगर आप अपने बालों को धोना भूल जाते हैं और अचानक से आपको किसी जरूरी मीटिंग में जाना पड़ता है तो ऐसी स्थिति में बालों से आने वाली पसीने की बदबू को दूर करने के लिए आप एक्सपायर परफ्यूम का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले अपनी कंघी के दांतों पर परफ्यूम को अच्छे से स्प्रे करें और फिर इससे अपने बालों को सुलझाएं। ऐसा करने से आपके बालों से खुशबू आने लगेगी।

## ईशान खट्टर बनेंगे हॉकी लेजेंड मेजर ध्यानचंद?

बॉलीवुड स्टार ईशान खट्टर ने थोड़े ही वक्त में फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बना ली है. ईशान अपनी नायाब एक्टिंग से हर किसी को दीवाना करते हैं. आज ईशान को बड़े-बड़े फिल्म मेकर्स अपनी मूवीज में लेना चाहते हैं. अब हाल ही में खबर आई है कि ईशान खट्टर के हाथ एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट लगा है.



खबर के अनुसार ईशान हॉकी के दिग्गज ध्यानचंद के जीवन पर आधारित फिल्म में नजर आने वाले हैं. खास बात ये है कि अभिषेक चौबे इस बायोपिक को निर्देशित करने वाले हैं. अगर वाकई ये खबर सच होती है तो ये फिल्म ईशान के करियर की बेस्ट मूवी हो सकती है. रिपोर्ट के अनुसार ईशान ध्यानचंद बायोपिक में अभिनय के लिए वह पूरी तरह से तैयार हैं. धड़क और ईशान खाली-पीली जैसी फिल्म में दिखाई दे चुके ईशान फिल्म में अपनी जान डालने की कोशिश करेंगे. रिपोर्ट में में कहा गया है कि अभिषेक चौबे की अगली बायोपिक फिल्म में मेजर ध्यानचंद की भूमिका निभाने के लिए 25 वर्षीय एक्टर ईशान खट्टर को चुना गया है. दिसंबर 2020 में रोनी स्क्रूवाला प्रोडक्शन के बैनर तले फिल्म की घोषणा की गई थी. फिल्म की घोषणा के साथ कहा गया था कि 1500+ गोल, 3 ओलंपिक स्वर्ण पदक और भारत के गौरव की कहानी. भारत के हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद पर एक बायोपिक अभिषेक चौबे के द्वारा बनने जा रही है, इस बात की खुशी है. अब ईशान के ध्यानचंद्र बनने की खबर सामने आई है तो एक्टर के फैंस इस बात से काफी खुश हैं. फैंस ईशान को इस नए प्रोजेक्ट को अभी से बधाई भी देने लगे हैं. हालांकि अभी मेकर्स की तरफ से इस पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है कि ईशान ही ध्यानचंद्र बनने वाले हैं. वहीं बता दे कहा जा रहा है कि मेजर ध्यानचंद का रोल निभाने के लिए ईशान खट्टर मेकर्स की पहली च्वाइस हैं. ध्यानचंद हॉकी के सबसे बड़े और दिग्गज प्लेयर माने जाते हैं, जिन्होंने अपने खेल करियर के दौरान 1500 से ज्यादा गोल दागे हैं. 3 ओलंपिक गोल्ड उन्हें मिल चुका है. ईशान खट्टर की बात करें तो वह पिप्पा में नजर आएंगे. इस फिल्म में उनके साथ मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्युली भी दिखेंगी।

## धाकड़ में 10 अलग-अलग लुक्स में नजर आयेंगी कंगना रनौत



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत आने वाली फिल्म धाकड़ में दस अलग-अलग लुक्स में नजर आयेंगी। कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म धाकड़ को लेकर चर्चा में है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में कंगना हार्डकोर एक्शन करती नजर आएंगी। कहा जा रहा है कि कंगना रनौत इस फिल्म में 10 अलग-अलग लुक्स में नजर आएंगी। बतौर एजेंट कंगना का सामना फिल्म में मानव तस्करी करने वाले गिरोह से है। उनमें सेंध लगाने के लिए कंगना का किरदार कभी तवायफ तो कभी बार डांसर और कभी एजेंट के रूप में नजर आएगा। गौरतलब है कि फिल्म धाकड़ एक जासूसी थ्रिलर है। फिल्म में कंगना अग्नि नाम की ऑफिसर का किरदार निभा रही हैं। कंगना के अलावा फिल्म में अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता भी अहम भूमिका में नजर आएंगी।

# बॉलिवुड में टिकना है मोटी चमड़ी का बनना पड़ेगा: ईशा देओल



हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल ने 10 साल के लंबे गैप के बाद बॉलिवुड में वापसी कर ली हैं। ईशा ने वापसी के बाद कहा, 'बॉलिवुड में टिकना है मोटी चमड़ी का बनना पड़ेगा। ईशा देओल ने इस बात का भी जिक्र किया है कि वह अपने पति भरत तख्तानी के साथ मिलकर फिल्म प्रोड्यूसर करने की भी इच्छुक हैं। ईशा देओल कहती हैं, 'वह दोबारा से कैमरा फेस के लिए सुपर एक्साइटेड हैं।'

ईशा देओल आखिरी बार साल 2011 की फिल्म 'टेल मी ओ खुदा' में नजर आई थीं। ईशा की फिल्म को उनकी मां हेमा मालिनी ने निर्देशित किया था। उसके बाद ईशा ने फिल्मों से दूरी बना ली। जब ईशा से पूछा गया कि 10 साल के लंबे समय के बाद वापसी करने के लिए प्रेरणा कहां से मिली? ईशा कहती हैं, 'क्रिएटिव लोगों को ज्यादा देर तक घर में नहीं रखा जा सकता। ऐक्टिंग एक ऐसी चीज है जो मुझे आगे बढ़ाती है। मैंने 2011 में बॉलिवुड से दूरी बना ली थी क्योंकि उस वक्त फैमिली पर ध्यान देना मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी था। मैंने अपनी जिंदगी में हर दौर का आनंद लिया। जब मैं काम कर रही था, मेरे पास डेट करने का समय नहीं था। भरत से शादी करने के बाद ही मुझे प्यार का एहसास हुआ। नहीं तो मैं तो बस एक मकबरा था। मेरे को-स्टार्स मेरे हाथों का मजाक उड़ाते थे।' भरत जब से मेरी जिंदगी में आए उन्होंने मुझे पूरी तरह से बदल दिया। हमने शादी से पहले एक साल तक डेट किया। जब भरत मेरी जिंदगी में आए तो मैंने एक लड़की की तरह अच्छे कपड़े पहने, स्टिलेटोस पहनने और रोमांटिक डिनर के लिए बाहर जाने लगी। यह भरत ही थे जिन्होंने मुझे इन सब के लिए डायरेक्शन दिया। वह मुझे मेरे स्कूल और कॉलेज के दिनों से जानते हैं, इसलिए हमारे बीच अच्छी समझ थी। पिछले 10 साल जादुई रहे हैं। शुक्र है कि मैं आज अच्छी स्थिति में हूं और मुझे ढ़ेर सारे काम के ऑफर्स मिल रहे हैं। मुझे लगा कि कैमरे के सामने वापस आने का यह सही समय है, क्योंकि सेट मुझे घर जैसा लगता है, और मुझे वहां अच्छा लगता है। ईशा आगे कहती हैं,' जब मैंनेफिल्म इंडस्ट्री में शुरुआत की थी तब मैं बहुत छोटी थी। एक चीज जो मैंने सीखी है वह यह है कि शोबिज में बने रहने के लिए आपको मोटी चमड़ी वाला होना चाहिए। यदि आप हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से हैं, तो आपकी पहली फिल्म से ही आपकी तुलना आपके माता-पिता से की जाएगी। यह उतना आसान नहीं है, जितना बताया जा रहा है। हर कोई अपने संघर्ष से गुजरता है। अपने तरीके से, मैंने इससे निपटा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि हर कोई अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करता है। बिना मेहनत के जिंदगी का मजा नहीं है।

# फिल्म पोन्नियन सेलवन से ऐश्वर्या राय बच्चन का लुक हुआ लीक, इस अवतार में नजर आईं एक्ट्रेस

ऐश्वर्या राय बच्चन काफी समय से बड़े पर्दे से दूर हैं, लेकिन अब वह फिल्म पोन्नियन सेलवन में नजर आने वाली हैं. फिल्म से ऐश्वर्या का लुक सामने आया है जिसे देखकर आप भी एक्ट्रेस के दीवाने हो जाएंगे. ऐश्वर्या ने रेड कलर की सिल्क साड़ी और भारी गोल्डन ज्वैलरी पहनी है जिसमें नेकलेस, चूड़ियां, बड़े इयरिंग्स, मांग टीका शामिल हैं. इस लुक में ऐश्वर्या किसी महारानी से कम नहीं लग रही हैं. इसके साथ ही उनके हाथ में एक पंखा है जिससे वह अपने फेस पर हवा कर रही हैं. ऐश्वर्या के आस-पास फिल्म की पूरी टीम नजर आ रही है और एक बड़ा बूम माइक उनके पास रखा हुआ है. एक्ट्रेस फिल्म में नंदिनि और उनकी मां मंधाकिनी यानी कि डबल रोल में नजर आने वाली हैं. फिल्म को मनी रत्नम डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म में ऐश्वर्या के अलावा विक्रम, कार्थी, त्रिशा



कृष्णा, प्रकाश राज, जयराम रवि और ऐश्वर्या लक्ष्मी जैसे बाकी स्टार्स हैं. ये 1995 में आई कल्कि कृष्णमूर्ति की नॉवेल पोन्नियन सेलवन पर निर्धारित है. ये किताब साउथ के सबसे पावरफुल राजा पर निर्धारित है जो बाद में राजाराज चोल बने थे. वैसे पोन्नियन सेलवन के जरिए ऐश्वर्या सालों बाद मनी रत्नम के साथ काम कर रही हैं. इससे पहले वह रावण और गुरू में साथ काम कर चुकी हैं. फिल्म में ए आर रहमान ने अपना म्यूजिक दिया है. वहीं सिनेमाटोग्राफर रवि वर्मन ने फिल्म को शूट किया है. ऐश्वर्या कुछ दिनों पहले मध्य प्रदेश में फिल्म की शूटिंग करने गई थीं और हाल ही में वह मुंबई लौटी हैं. बता दें कि ऐश्वर्या लास्ट साल 2018 में फिल्म फेन्ने खां में नजर आई थीं जिसमें उनके साथ अनिल कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में थे।

## अभिनय को आगे बढ़ाने की वजह स्टारडम नहीं: तमन्ना भाटिया



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अभिनय में अपने करियर की शुरूआत 15 साल की उम्र में की थी। हालांकि, उनका कहना है कि ग्लैमर की दुनिया में आने की वजह स्टारडम नहीं है। तमन्ना आज 31 वर्षीय अभिनेत्री दक्षिण के सबसे प्रमुख नामों में से एक है क्योंकि उन्होंने बाहुबली फ्रैंचाइजी, अनबनवन असरधवन अदांगधावनसे, केजीएफ: चैप्टर 1 और सई रा नरसिम्हा रेड्डी सहित कई अन्य ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। तमन्ना ने कहा, जब मैंने 15 साल की उम्र में काम करना शुरू किया, तो ईमानदारी से स्टारडम वास्तव में फिल्मों में आने का कारण नहीं था। मैं सिर्फ कैमरे के सामने रहना चाहती थी और जो कुछ भी मुझे इसमें मदद करता, मैं वही रास्ता चुनती। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की 14.3 मिलियन और ट्विटर पर 5.1 मिलियन फैन फॉलोइंग है। इतना उच्च शिष्टाचार और अपनी कड़ी मेहनत को देखकर वह खुद को भाग्यशाली महसूस करती है। तो, मेरे लिए मैं इस तरह के स्टारडम को देखकर भाग्यशाली महसूस करती हूं और इसे देखना जारी रखूंगी। लेकिन यह इस करियर को आगे बढ़ाने का कारण नहीं है। यह कुछ ऐसा है जो मैं करती हूं क्योंकि यह मुझे दैनिक आधार पर तृप्ति की भावना देता है। इसलिए सेट पर होना ही मुझे उत्साहित करता है। हालांकि, जब वह कहती है कि कोई भी कड़ी मेहनत से अर्जित स्टारडम को खोना नहीं चाहता है, तो वह कुछ नहीं कहती।

# शिशु की त्वचा का रूखापन दूर करने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



शिशु की त्वचा बहुत नाजुक और संवेदनशील होती है जो हवा या बाहरी तत्वों में मौजूद अशुद्धियों के कारण तेजी से अपनी नमी खो देती है। इसी कारण शिशु की कोमल त्वचा की प्राकृतिक नमी को बनाए रखना बेहद मुश्किल होता है। हालांकि कुछ घरेलू नुस्खे इस समस्या से राहत दिलाने में आपकी मदद कर सकते हैं। आइए आज आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिन्हें अपनाकर शिशु की त्वचा से रूखापन दूर किया जा सकता है।

## रोजाना करें तेल मालिश

यह शिशु की त्वचा से रूखापन दूर करने का सबसे आसान और प्रभावी तरीका हो सकता है क्योंकि तेल मालिश करने से न सिर्फ बच्चों का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर रहता है, बल्कि इससे उसकी त्वचा में नमी भी बरकरार रहती है। शिशु की तेल मालिश करने के लिए रोजाना अपनी व्यस्त दिनचर्या में से 20-25 मिनट जरूर निकालें। इसके लिए आप केमिकल फ्री बेबी ऑयल या फिर बादाम के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## शिशु को रखें हाइड्रेट

डिहाइड्रेशन की समस्या भी शिशु की संवेदनशील त्वचा को रूखा बना सकती है। इसलिए शिशु को इस समस्या से बचाकर रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए मां उनकी मांग के अनुसार उन्हें दूध पिलाती रहें। इससे बच्चों को उचित तरीके से हाइड्रेट रखने में मदद मिलेगी। अगर बच्चा एक या दो साल का है तो उसे पानी के साथ-साथ फलों का रस, छाछ या फिर मिल्क शेक जैसे पेय पदार्थों का सेवन कराएं।

## ह्यूमिडिफायर का करें इस्तेमाल

घर की हवा में मौजूद अशुद्धियां भी शिशु की त्वचा को रूखा करने का कारण बन सकती है, इसलिए इसे दूर करना बहुत जरूरी है। हवा में मौजूद इन अशुद्धियों को दूर करने के लिए आप ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, ह्यूमिडिफायर कमरे में शुष्क हवा को थोड़ा नम बना देता है और अशुद्धियों को दूर करने में भी मदद कर सकता है। इसके कारण शिशु की त्वचा रूखी होने से बच सकती है।

## मॉइश्चराइज जरूर करें

अगर आप शिशु की त्वचा को रूखेपन की समस्या से बचाकर रखना चाहते हैं तो समय-समय पर उसकी त्वचा को मॉइश्चराइज जरूर करें। इसके लिए ऐसा मॉइश्चराइजर चुनें जो खासतौर से शिशु की संवेदनशील त्वचा को देखते हुए बनाए गया हो और उनकी त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ-साथ सुरक्षा भी प्रदान करे। शिशु की त्वचा पर दिन में दो-तीन बार प्राकृतिक सामग्रियों से युक्त मॉइश्चराइजर लगाना फायदेमंद रहता है।

## कारगिल में शूटिंग के अनुभव ने मुझे अंदर से बदल दिया: शिव पंडित

टेलीविजन में अपने करियर की शुरूआत स्पोर्ट्स एंकर के रूप में करने वाले शिव पंडित ने बॉलीवुड में 2011 में फिल्म शैतान से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। भले ही वह वर्षों से चुनिंदा परियोजनाओं में दिखाई दिए, लेकिन फिल्म में कैप्टन संजीव जामवाल का उनका जोरदार किरदार था। हालिया फिल्म शेरशाह को समीक्षकों और दर्शकों से समान रूप से प्रशंसा मिल रही है। शिव ने साझा किया कि कैसे फिल्म ने उन्हें एक अभिनेता के रूप में बदल दिया। शिव ने बताया, शेरशाह जैसी फिल्म का हिस्सा बनना और फिल्म के लिए भारतीय सेना की वर्दी पहनना किसी भी अभिनेता के लिए एक सपना होता है और मैं इसका अपवाद नहीं था। लेकिन एक फिल्म में भूमिका हासिल करना और दृश्यता प्राप्त करना, खासकर जब आप जानते हैं कि कहानी का मुख्य फोकस सिद्धार्थ मल्होत्रा द्वारा निभाए गए शीर्षक चरित्र पर है, केवल दो लोगों की वजह से संभव था, हमारे कास्टिंग डायरेक्टर जोगी मलंग और निश्चित रूप से हमारे निर्देशक विष्णुवर्धन। उन्होंने वास्तव में हम सभी अभिनेताओं के लिए परिदृश्य बदल दिया। फिल्म शेरशाह की कहानी युद्ध नायक और परमवीर चक्र पुरस्कार विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की यात्रा और 1999 के कारगिल युद्ध के इर्द-गिर्द घूमती है जिसमें बत्रा को युद्ध के मैदान में शहादत मिली थी। फिल्म का एक बड़ा हिस्सा कारगिल, लद्दाख, कश्मीर घाटी में शूट किया गया था और इसमें कियारा आडवाणी, साहिल वैद, राज अर्जुन, पवन चोपड़ा भी शामिल हैं। करगिल के खराब मौसम में अपने शूटिंग के अनुभव पर प्रकाश डालते हुए शिव ने कहा, यह काफी कठिन शूटिंग थी लेकिन हम सब कुछ करने में कामयाब रहे क्योंकि विष्णु सर और उनकी टीम ने प्री-प्रोडक्शन पर कड़ी मेहनत की थी। इससे पहले कि हम रोल करना शुरू करते, हम चल रहे थे। एक ही पृष्ठ और पहले से ही फिल्म की कल्पना की। इसके अलावा, सिद्धार्थ में एक बॉलीवुड स्टार होने के बावजूद, कोई अहंकार नहीं था और हमारे बीच भाईचारे की एक वास्तविक भावना थी। चूंकि मैं कैप्टन संजीव जामवाल की भूमिका निभा रहा था, जो अब एक कर्नल है, मुझे इस बात की चिंता है कि वह मेरे परदे पर मेरे चित्रण पर कैसी प्रतिक्रिया देंगे।




## वन-टू-वन

### हत्या के प्रयास मे जेल से छूटे बदमाश पर लगे नौकर से मारपीट सहित अन्य गंभीर आरोप

**भोपाल।** हत्या के प्रयास के मामले में सजा काटने के बाद जेल से छूटे बदमाश आमिर खान पर उसके नौकर ने मारपीट करने के साथ ही धर्मपरिवर्तन कराने का दबाव बनाने ओर उसकी सैलरी का पैसा हड़पने जैसै गंभीर आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कोहेफिजा पुलिस से की है। पुलिस का कहना है, फरियादी की शिकायत ली गई है ओर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार नवनीत पिता हरीशचंद कुचबंदिया बरेला गांव लालघांटी का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि पहले वो आमिर खान उर्फ आमिर ठुट्टा के एनआरआई कॉलोनी स्थित मकान में काम करता था। जहां उसे सालों तक सैलेरी नहीं दी गई, सैलरी मांगने पर उसे खर्चे के पैसे दे दिए जाते थे। आमिर उससे कहता था, कि उसका पैसा मेरे पास जमा हो रहा है। नवनीत के माता पिता का निधन हो चुका है, वह अकेला है, इस कारण आमिर के घर में ही रहा करता था। आरोप है कि आमिर उसके साथ आए दिन दुर्व्यवहार करता था। उसके परिवार वाले यह कहकर कि तेरा कोई नहीं है, हम ही तेरे लिए सब कुछ करते हैं, इस लिए धर्म परिवर्तन कर ले। जब वह धर्म परिवर्तन करने के लिए राजी नहीं हुआ तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। जिसके बाद में उसने नौकरी छोड़ दी। बाद मे उसने जब अपनी जमा सैलेरी की रकम आमिर से मांगी तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जाति से अपमानित किया।

### परिचित नाबालिग ने किया नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य

**भोपाल।** राजधानी के बैरसिया थाना इलाके मे रहने वाले एक मासूम किशोर के साथ उसी के गांव मे रहने वाले आरोपी द्वारा अप्राकृतिक कृत्य किये जाने का मामला सामने आया। घटना सोमवार शाम की है। पीड़ित बच्चे के परिजनों को जब आरोपी की करतूत का पता चला तब वो थाने पहुचें जहॉ उनकी शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे बाल न्यायालय में पेश किया जायेगा। बैरसिया पुलिस के अनुसार बीती शाम को बैरसिया के एक स्कूल प्रांगण में 10 साल का मासूम किशोर अपने कुछ दोस्तों के साथ खेल रहा था। तभी वहां एक 17 साल का किशोर आ गया। चूंकि पीड़ित और किशोर पहले से परिचित हैं, ओर एक ही गांव के रहने वाले है, इसलिए उसने साथ में खेलने को कहा। खेलते खेलते नाबालिग किशोर को को बाल अपचारी एक सुनसान जगह ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य कर दिया। बाद मे घर पहुचंने पर मासूम ने आरोपी की करतूत के बारे मे परिवार वालो को जानकारी दी।

### अज्ञात बदमाशा ने कांउटर से उडाई 24 हजार की नगदी

**भोपाल।** राजधानी के एमपी नगर थाना इलाके के जोन-टू में स्थित डाक विभाग की फेंचाइजी वाले कार्यालय से अज्ञात बदमाश ने काउंटर में रखे 24 हजार रुपए पर हाथ साफ कर दिया। चोरी का खुलासा उस समय हुआ जब आफिस खोलने के लिए संचालक पहुंचे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस ने बताया कि सुरेन्द्र पैलेस निवासी विकास दीप डेहरिया (27) ने अपनी शिकायत मे बताया कि उनके पास डाक विभाग की फेंचाइजी है, ओर उनका ऑफिस एमपी नगर जोन-टू स्थित राधाकृष्ण कांप्लेक्स में है। बीती 28 अगस्त की रात को उन्होने आफिस बंद किया था। अगले दिन रविवार होने के कारण ऑफिस बंद रहा, फरियादी विकास दीप सोमवार सुबह ऑफिस खोलने पहुंचे तो उन्हे ताला टूटा नजर आया। अंदर जाकर देखने पर दराज में बुंकिग की 24 हजार की नगदी गायब मिली।

### दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़े, कर्नाटक कांग्रेस विधायक के बेटे समेत 7 की मौत

**बेंगलुरु(ए)।** बेंगलुरु के कोरामंगला एरिया में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। आदुगोडी पुलिस स्टेशन की ओर से बताया गया कि दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों में तमिलनाडु के होसुर जिले के द्रमुक विधायक प्रकाश वाइ के पुत्र व उनकी पत्नी बिंदु भी हैं। अन्य पीड़ितों की पहचान इशिता, धनुष, अक्षय, गोयल और रोहित के तौर पर की गई। इन सभी की उम्र 20-30 साल के आस-पास है और ये सभी शहर के पीजी में रह रहे थे। पुलिस ने जानकारी दी कि वीआईपी नंबर प्लेट वाली कार में एयरबैग नहीं था। पुलिस के मुताबिक दुर्घटनाग्रस्त आडी कार की आगे वाली सीट पर तीन लोग बैठे थे वहीं पिछले सीट पर चार लोग थे। पुलिस ने बताया कि किसी भी यात्री ने सीट बेल्ट नहीं पहना था। 6 की मौके पर ही मौत हो गई और एक ने बेंगलुरु स्थित संत जान्स अस्पताल में दम तोड़ दिया। आडुगोडी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि आडी क्यू3 की तेज स्पीड की वजह से यह बड़ा हादसा हुआ। कार ने पंजाब नेशनल बैंक की बिल्डिंग से टक्कर मारी और नियंत्रण खो दिया जिसके बाद यह फुटपाथ पर चढ़ गई। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना रात 1 से 2 बजे के बीच की है। मामले की जांच करने वाली पुलिस ने जानकारी दी कि वीआईपी नंबर प्लेट वाली कार में एयरबैग नहीं था। मृतकों का पोस्टमार्टम संत जान्स अस्पताल में किया जा रहा है।

# जीवन मे दान से बड़ा कोई परोपकार या धर्म नही है : संत कृपाल जी महाराज

**संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे**
9179661562

गोरमी। नगर से 8 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मानहड़ में समाजसेवी रज्जन सिंह भदौरिया ने अपने बेटे अभिराज सिंह भदौरिया के जन्मदिन पर आयोजित अखंड रामायण पाठ एवं सत्संग समारोह में कोरोना बोरियर्स पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया इसमे ग्वालियर से पधारे संत कृपाल सिंह जी महाराज ने कहा जीवन में हमेशा धन कमाने के साथ-साथ परोपकार एवं दान करने से बड़ा कोई धर्म नहीं है आज समाज में हर व्यक्ति धनवान होना चाहता है लेकिन वह यह नहीं जानता की धन मिलने से व्यक्ति धनवान नहीं होता असली धनवान वह है जिसके अंदर दया धर्म गरीबों की सेवा करना एवं अपने परिवार को अच्छे संस्कार देना क्यों क्योंकि धन की गति बहुत तेज होती है यह किसी एक व्यक्ति का होकर नहीं रहता इसलिए व्यक्ति के पास धन है तो उसका उत्तम उपयोग दान ही है संत कृपाल जी महाराज ने आगे कहा कि हमें जीवन कैसे जीना है यह हमें रामायण कथा से सीखना चाहिए एवं हमें अपने जीवन में मोक्ष कैसे प्राप्त करना है यह हमें भागवत कथा से सीखना चाहिए सत्संग समारोह के आयोजक समाजसेवी रज्जन सिंह भदौरिया ने संत कृपाल सिंह जी का लाल एवं श्रीफल भेट कर उनका आशीर्वाद लिया एवं मेहगांव एवं गोरमी सर्कल से आए पत्रकार बंधुओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया सभी पत्रकारों को संत कृपाल सिंह जी ने सम्मानित करते हुए कहा की पत्रकार समाज का आईना होता है इसलिए आप लोग हमेशा गरीब सोसित पीड़ित व्यक्ति की जिसकी मदद ना राजनेता कर रहे हैं ना सरकारी सिस्टम कर रहा है ऐसे लोगों की आवाज को आप लोग बुलंद करें यही सच्ची पत्रकारिता का अर्थ है कार्यक्रम में आशीर्वाद देने दंदरौआ



धाम के संत महामंडलेश्वर राम दास जी महाराज जी ने अपने आशिष वचनों से भक्तों को आशीर्वाद दिया ओर कहा कि जहाँ जहाँ धर्म का काम होगा संत अपने अप्प उपस्थिति हो जाते है इस अबसर पर मुख्य रूप से मेहगांव एबम गोरमी सर्कल के तीन दर्जन से ज्यादा पत्रकारों के सम्मान किया गया इस अबसर पर मुख्य रूप से कार्यक्रम के आयोजक रज्जन सिंह भदौरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक शेलेन्द्र सिंह भदौरिया राजीव सिंह भदौरिया दादा प्रदीप चौधरी गणेश परासर कमल दिक्सित रणवीर परमार अशोक नरवरिया मुन्ना खान राजीव श्रीवास्तव हरिओम कटारे आदित्य सिंह रिशु सिंह परसोत्तम राजौरिया लक्मन चौधरी महेश मिश्रा महेश चौधरी दिनेश श्री वास अरविंद जैन सुमेर नरवरिया रज्जन भदौरिया मुकेश भदौरिया भगवती थापक हरिओम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# पाकिस्तान की जेल में 23 साल से बंद प्रह्लाद राजपूत की वतन वापसी'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
दैनिक पुष्पांजली टुडे

सागर । हम गर्व से कहते हैं की हम भारतवासी हैं, इस बात का एहसास और अनुभव वह व्यक्ति और भी अच्छे से कर सकता है जो कई वर्षों से अपने वतन लौटने का इंतजार कर रहा हो । हम बात कर रहे हैं सागर जिले के गौरझामर थाना अंतर्गत ग्राम घोसीपट्टी के निवासी प्रहलाद राजपूत की । जिन्होंने 23 साल गुजार दिए अपने वतन की वापसी के लिए । और वह सपना आज पूरा हो गया । पुलिस अधीक्षक सागर अतुल सिंह ने बताया कि सन 1998 प्रहलाद अचानक लापता हो गया था जो कि मानसिक रूप से कमजोर है । छानबीन करने पर भी कोई पता नहीं चला । फिर अचानक सन 2014 में संज्ञान में आया कि प्रहलाद पाकिस्तान की




(भाई की आंखों में झलके आंसू और लगा लिया गले)

जेल में बंद है । प्रदेश सरकार के पुलिस विभाग और एसपी सागर ने प्रहलाद को रिहा कराने के लिए लगातार प्रयास किए।

आज 23 साल बाद पाकिस्तान की जेल से 30 अगस्त को प्रहलाद रिहा हुये। सागर गौरझामर के सब इंस्पेक्टर अरविंद सिंह आरक्षक अनिल सिंह एवं पहलाद का भाई वीर सिंह को सोमवार को बाघा अटारी वार्डर से प्रहलाद को 5:10 बजे शाम को सौंप दिया गया । जब भाई वीरसिंह ने अपने भाई प्रहलाद को लंबे बरसों के बाद देखा और आंखों में आंसू लिए हुए गले से लगा लिया । वीर सिंह ने बताया कि उनकी मां अपने पुत्र प्रहलाद की वतन लौटने की आस में 5 वर्ष पहले ही गुजर गई है । लेकिन आज मां का सपना पूरा हो गया है और प्रहलाद अपने घर लौट आया है । इसके लिए उन्होंने प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया । प्रहलाद की वापसी पर परिजनों व गांव में उत्सव, खुशी का माहौल हैं ।

# भगवान कृष्ण जन्म उत्सव के बाद बधाइयों का दौर शुरु



**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन से ही मंदिर पर बधाइयों का दौर प्रारंभ हो जाता है यह बधाइयाँ जलझूलनी एकादशी तक चलती है इसमें महिलाएं मंदिर पर जलेबी, इमरती, कचोरी, एवं अन्य तरह की सामग्री वितरित करती है लेकिन श्योपुर में श्रीमती मंजेश साहू द्वारा एक नई पहल शुरु की गई जिसमें श्रीमती मंजेश साहू ने मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर औषधि पौधों का महिलाओं को बधाई स्वरूप वितरण किया यह पौधे कौरोना से बचाव में भी सहायक होते हैं औषधि पौधे जिनके द्वारा महिलाएं अपने घर पर काढ़ा बना सकती है नीम गिलोय, पीपली, पीपल तुलसी, पत्थरचट्टा, बेलपत्र, पिया बास, आदि पौधे वितरित किए गए!



# समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने बन्नूर गांव में सरकारी कॉलेज में 30 कम्प्यूटर वितरित किए

**पुष्पाजंली टुडे**

मंड्या- टी नरसीपुरा तहसील के मलियूर गांव में सोमवार को रोटरी क्लब बन्नूर की और से सरकारी कॉलेज में 80 कम्प्यूटर वितरित किए गए। कॉलेज की और से बन्नूर रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया गया। क्लब के सदस्यों के सहयोग से कम्प्यूटर प्रदान किए गए है। इसमें क्लब के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित की और 30 कम्प्यूटर वितरित करने का सहयोग रहा। पुरोहित ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के विधार्थी शिक्षा क्षेत्र में आगे बढने चाहिए। आज का आधुनिक युग कम्प्यूटर युग का है ।क्लब के अध्यक्ष वासुदेव ने कहा कि लॉकडाऊन के समय भी क्लब बन्नूर की और से 60 विद्यार्थियो को टेब वितरण किए गए थे ।बन्नूर रोटरी क्लब शिक्षा क्षेत्र के सहयोग हमेशा काम करता आ रहा है। क्षेत्र के विधायक अशवीन कुमार ने कहा कि कॉलेज में कम्प्यूटर की आवश्यकता होने पर क्लब की और वितरण करने पर उनको बहुत खुशी हुई है । क्लब हमेशा सेवा कार्य में अग्रणी भूमिका रही है ।

# साइबर सेल की मदद से महिला थाने की टीम द्वारा बालक राजकुमार को उसकी माँ को सुपुर्द किया

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पी.एल. कुर्वे व अनुविभागीय अधिकारी रामतिलक मालवीय के मार्गदर्शन में साईवर सैल की मदद से महिला थाने की टीम द्वारा बालक राजकुमार उम्र 02 साल को दस्तयाव कर उसकी माँ आरती को सुपुर्द किया गया!

आठ अगस्त को आवेदिका आरती वैरवा पत्नी स्व. कमलेश वैरवा नि. ग्राम रामवडोदा थाना मानपुर ने महिला थाने पर आकर आवेदन दिया कि उसके लड़के

राजकुमार उम्र 02 साल को उसका देवर राजेन्द्र सास गोवरी वाई, ससुर रामरतन छीन कर ले गये है उसे उसका बालक दिलाया जावे। साइवर सैल श्योपुर

की मदद से आवेदिका आरती के देवर राजेन्द्र की लोकेशन ट्रेस की गई एंव महिला थाने से टीम गठित की गई टीम ने ग्राम देवली तहसील रामगंज मण्डी कोटा राजस्थान मे



जाकर आवेदिका के वालक को तलाश किया काफी प्रयासो के बाद आवेदिका की सास गोवरी वाई से बालक राजकुमार को दस्तयाव किया!

बालक की दस्तयावी मे राजस्थान पुलिस का सहयोग रहा टीम में महिला थाना निरीक्षक अंजली शर्मा, उप निरीक्षक लक्ष्मी वघेल महिला थाना वज्रराज थाना देहात, रानी तोमर, राकेश सिंह, प्रदीप सिंह, आर. गोस्वामी, विष्णू शर्मा की सक्रिय भूमिका रही!

## मप्र में बिजली संकट पर उलझी सरकार

# 2 मंत्रियों के विरोधी बयान पर कांग्रेस की शिवराज को नसीहत कहा- मंत्रिमंडल संभालिए नहीं तो गिर जाएगी सरकार

**पुष्पांजली टुडे, (अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)**

भोपाल। मध्य प्रदेश में गहराते बिजली संकट के पर सियासत की बाजार भी गर्म हो गई है।शिवराज के दो मंत्रियों के आमने-सामने आने के बाद कांग्रेस ने शिवराज सरकार पर निशाना साधा है।पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को नसीहत देते हुए कहा कि अपने मंत्रिमंडल को संभालिए नहीं तो ये मंत्री आपकी सरकार गिरा देंगे।

दरअसल, प्रदेश में जारी अघोषित बिजली कटौती और संकट को लेकर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा और ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर आमने-सामने आ गए हैं।जिसको लेकर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश को शिवराज सिंह चौहान किस तरह से चला रहे हैं वे (मुख्यमंत्री) खुद गपोड़पंथी कर रहे हैं और इनके मंत्री भी गपोड़पंथी करने लग गए हैं. उन्होंने कहा कि गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा मान रहे हैं कि प्रदेश में अव्यवस्था है लेकिन उनके ऊर्जा मंत्री कह रहे हैं नहीं बिजली तो आवाज गति से चल रही है।

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने बीजेपी विधायक नारायण त्रिपाठी की आंदोलन और टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी के बिजली कटौती को लेकर सीएम को लिखे पत्र का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि ये पता नहीं किस तरह की शिवराज सरकार है, लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, किसान परेशान है, आपने बिजली की कटौती कई घंटों की चालू कर दी है. बिजली कंपनी में बिजली है नहीं और आप



12-16 घंटे की कटौती कर रहे हैं. सज्जन सिंह ने शिवराज सिंह को नसीहत देते हुए कहा कि अपना मंत्रिमंडल संभालिए नहीं ये मंत्रिमंडल आपकी सरकार गिरा देगी।

बता दें कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि मध्य प्रदेश का कोई विधायक बता दे, किसके यहां 18 से 20 घंटे की बिजली की कटौती हो रही है, मैं खुद मौके पर जाकर देखूंगा. उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी प्रकार का बिजली का कोई संकट नहीं है और न ही बिजली की कटौती हो रही है. उन्होंने कहा कि कहा कि कोई भी विधायक बिजली कटौती के सबूत दे तो तत्काल कार्रवाई होगी. जनता की सेवा में कोई कमी रह गई तो मंत्री हो या अधिकारी पर नहीं रहेगा.उन्होंने कहा कि कोयला खदानों में बारिश का पानी भरने और मेंटिनेंस के चलते कहीं-कहीं 1 से 2 घंटे की कटौती की गई थी।

वहीं गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बिजली संकट को स्वीकार करते हुए कहा है कि बिजली संकट है और 5 दिन में बिजली संकट दूर हो जाएगा. बिजली संकट इसलिए है क्योंकि पावर प्लांट में तकनीकी दिक्कते आई हैं, बारिश और कोयले की कमी के कारण बिजली कटौती हो रही है।

गौरतलब है कि कोयला कंपनी ने सरकारी भुगतान नहीं होने पर सप्लाई बंद कर दी है।वहीं सिंगाजी पावर प्लांट में बिजली का उत्पादन आधा हो गया है।सिंगाजी पावर प्लांट की 2400 रूड्ड में से 1200 रूड्ड की बिजली उत्पादन इकाइयां भी बंद हैं. जबकि संजय गांधी पावर प्लांट में भी कोयला खत्म होने की कगार पर है. फिलहाल प्रदेश में बिजली की जरुरत 10 हजार रूड्ड है, लेकिन 8 हजार ही उपलब्ध है. इन दोनों पावर प्लांट से बिजली उत्पादन रुकने से बिजली का संकट और गहरा सकता है।

**वन-टू-वन**



## सरकार द्वारा चलाये गये मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने हेतु थाना जैथरा से एक पहल पति से गुस्सा पत्नी को एक-दूसरे से मिलवाया गया

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

एटा मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना जैथरा पर तैनात महिला आरक्षी 750 अनुराधा कुन्तल की कडी महनत से पति-पत्नी में कहा सुनी हो जाने पर तथा पत्नी के ससुराल न जाने पर पति-पत्नी की सुलह कर उन्हे मिलवाया गया। नगला सहोरी थाना जैथरा की रहने वाली लडकी की शादी लगभग एक महीने पहले हुयी थी। शादी के 10-12 दिन बाद पति-पत्नी में कुछ बात को लेकर आपस में नोक-झोक हो जाने पर पत्नी अपने मायके चली आयी थी। बाद में पति लेने आया तो पत्नी ने जाने से मना कर दिया।थाना जैथरा पर मामला संज्ञान में आया तो दोनो पक्षों के परिवारीजनो को बुलाकर पति-पत्नी को महिला आरक्षी अनुराधा द्वारा समझाया गया तथा पति पत्नी को मिलवा कर एक किया गया गया।

## केरल कांग्रेस में रार पर घिरे राहुल गांधी के करीबी

**नई दिल्ली (ए)।** पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में आतंरिक कलह के बाद अब केरल में भी कांग्रेस में रार शुरू हो गई है। पार्टी की स्टेट यूनिट में सचिव के पद से हटाए गए पीएस प्रशांत ने अब महासचिव केसी वेणुगोपाल पर ठीकरा फोड़ा है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि पार्टी की केरल यूनिट में जो भी कलह है, उसकी मुख्य वजह केसी वेणुगोपाल ही हैं। उन्होंने केसी वेणुगोपाल पर आरोप लगाते हुए सोमवार को राहुल गांधी को खत लिखा था। इसमें उन्होंने कहा था कि केरल समेत कई राज्यों में कांग्रेस की हार की वजह केसी वेणुगोपाल ही हैं। मीडिया से बात करते हुए पीएस प्रशांत ने कहा कि पलक्कड़ जिले की कांग्रेस यूनिट के अध्यक्ष रहे एवी गोपीनाथ ने भी केसी वेणुगोपाल की वजह से ही पार्टी छोड़ी थी। दरअसल वेणुगोपाल जिले स्तर की राजनीति में भी दखल दे रहे थे और उसके चलते ही उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस से निष्कासित नेता ने कहा कि केरल में संगठन में पैदा हुई समस्याओं की मुख्य वजह केसी वेणुगोपाल ही हैं। उनकी वजह से ही पलक्कड़ जिले के प्रेसिडेंट एवी गोपीनाथ ने भी पार्टी छोड़ दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल में ऐसे किसी भी व्यक्ति को कोई पद नहीं मिलता है, जिसकी व्यक्तिगत तौर पर वेणुगोपाल से निष्ठा न हो। पीएस प्रशांत ने दावा किया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी कांग्रेस को केसी वेणुगोपाल के चलते समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वेणुगोपाल में संगठन की क्षमता नहीं है और उनके चलते ही समस्याएं पैदा हो रही हैं। प्रशांत ने कहा, %गोवा, छत्तीसगढ़, पंजाब या फिर कोई भी राज्य हो, पार्टी को केसी वेणुगोपाल की स्किल कमजोर होने की वजह से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पंजाब में नए बने प्रदेश अध्यक्ष सीएम के खिलाफ काम कर रहे हैं। वेणुगोपाल का काम सिर्फ यही नहीं है कि जब राहुल गांधी केरल आएं तो वह उनकी कार में सवार रहें। उनका काम पार्टी को मजबूत करना है। इसीलिए मैंने राहुल गांधी को खत लिखा था।% अपने लेटर में प्रशांत ने आरोप लगाया था कि केसी वेणुगोपाल बीजेपी के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं। पार्टी से निकाले जाने को लेकर उन्होंने कहा कि मैंने 30 सालों तक कांग्रेस के लिए काम किया है। कभी भी पार्टी के खिलाफ कोई बयान जारी नहीं किया। सोमवार को केरल कांग्रेस के चीफ के. सुधाकरण ने बताया था कि प्रशांत को गलत आरोप लगाए जाने पर पार्टी से बाहर किया जा रहा है।

# जीवन मे दान से बड़ा कोई परोपकार या धर्म नही है : संत कृपाल जी महाराज

**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर, पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव। नगर से 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मानहड़ में समाजसेवी रज्जन सिंह भदौरिया ने अपने बेटे अभिराज सिंह भदौरिया के जन्मदिन पर आयोजित अखंड रामायण पाठ एवं सत्संग समारोह में कोरोना बोरियर्स पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया इसमे ग्वालियर से पधारे संत कृपाल जी महाराज ने कहा जीवन में हमेशा धन कमाने के साथ-साथ परोपकार एवं दान करने से बड़ा कोई धर्म नहीं है आज समाज में हर व्यक्ति धनवान होना चाहता है लेकिन वह यह नहीं जानता की धन मिलने से व्यक्ति धनवान नहीं होता असली धनवान वह है जिसके अंदर दया धर्म गरीबों की सेवा करना एवं अपने परिवार को अच्छे संस्कार देना क्यों क्योंकि धन की गति बहुत तेज होती है यह किसी एक व्यक्ति का होकर नहीं रहता इसलिए व्यक्ति के पास धन है तो उसका उत्तम उपयोग दान ही है संत कृपाल जी महाराज ने आगे कहा कि हमें जीवन कैसे जीना है यह हमें रामायण कथा से सीखना चाहिए एवं हमें अपने जीवन में मोक्ष कैसे प्राप्त करना है यह हमें भागवत कथा से सीखना चाहिए सत्संग समारोह के आयोजक समाजसेवी रज्जन सिंह भदौरिया ने संत कृपाल जी का साल एवं श्रीफल भेट कर उनका आशीर्वाद लिया एवं मेहगांव एवं गोरमी सर्कल से आए पत्रकार बंधुओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया सभी पत्रकारों को संत कृपाल जी महाराज ने सम्मानित करते हुए कहा की पत्रकार समाज का आईना होता है इसलिए आप लोग हमेशा गरीब सोसित पीड़ित व्यक्ति की जिसकी मदद ना राजनेता नहीं कर रहे हैं ना सरकारी सिस्टम कर रहा है ऐसे लोगों की आवाज को आप लोग बुलंद करें यही सच्ची पत्रकारिता का अर्थ है कार्यक्रम में आशीर्वाद देने दंदरौआ धाम के संत महामंडलेश्वर राम दास जी महाराज जी ने अपने आशिष वचनों से भक्तों को आशीर्वाद दिया ओर कहा कि जहाँ जहाँ धर्म का काम होगा संत अपने अप्प उपस्थिति हो





जाते है इस अबसर पर मुख्य रूप से मेहगांव एबम गोरमी सर्कल के तीन दर्जन से ज्यादा पत्रकारों के सम्मान किया गया इस अबसर पर मुख्य रूप से कार्यक्रम के आयोजक रज्जन सिंह भदौरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक शेलेन्द्र सिंह भदौरिया राजीव सिंह भदौरिया गणेश परासर बृजपाल सिंह गुर्जर कमल दिक्सित रणवीर परमार अशोक नरवरिया मुन्ना खान राजीव श्रीवास्तव हरिओम कटारे आदित्य सिंह रिशु सिंह परसोत्तम राजौरिया जयदीप जादौन संजीव शर्मा गिरजेश पचौरी . जितेंद्र दंडोतिया उपस्थित थे।

**नगर कॉंग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी हुई घोषित**

# नागरिकों की समस्याओं के लिए नगर कॉंग्रेस कमेटी करेंगी जमकर मेहनत-नगर अध्यक्ष कॉंग्रेस

**पुष्पांजली टुडे, दबोह(अर्पित गुप्ता)**

लहार विधानसभा के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह के निर्देशन में कॉंग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष रूपनारायण खटीक ने स्थानीय कॉंग्रेस कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता रख कर नगर कॉंग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे दुर्जन कुशवाह,रफीक खान,रामनारायण कौरव,रामलखन शर्मा,रामाधार सर्राफ को नगर उपाध्यक्ष बनाया प्रदीप चौधरी,रियाज खान,संजू गुप्ता,प्रताप पमार को नगर महामंत्री बनाया मुकेश सोनी को कोषाध्यक्ष बनाया कमलेश शाक्यवार को सचिव बनाया जगदीश शर्मा को सहसचिव बनाया विनोद परिहार, विनय बिलैया,शराफत खान को प्रचार प्रसार मंत्री बनाया एवं पंकज शर्मा,अजय त्रिपाठी( अल्ला )को मिडिया प्रभारी बनाया गया तो वही रुजवान खा,कमलेश चिकवा,सिया कुशवाह,विष्णुलाल रजक,हरचरण लहरी,मुन्नीलाल,पुत्तू सिंह कौरव,कैलाश सिंह रजक,सुधीर तिवारी,रहीस खान को नगर कॉंग्रेस कमेटी में सम्मानीय सदस्य बनाया गया तदोपरांत



नगर कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपनारायण खटीक ने कहा कि नगर कॉंग्रेस कमेटी पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह के सहयोग से भाजपा पार्टी की जन विरोधी नीतियों से परेशान आम नागरिकों की समस्याओ का समाधान मजबूती से करेगी यदि हमारे नगर की जनता को कभी भी कोई समस्या आएगी यह कमेटी जनता के साथ खड़ी होकर उसे न्याय दिलाने में सहयोग करेगी इस दौरान कार्यालय प्रभारी राजेंद्र खेमरिया,जगदीश शर्मा उर्फ पपुल्ली,दुर्जन कुशवाह मौजूद रहे।

# इंदौर के बाद यहां खुला देश का दूसरा मूक-बधिर थाना




**पुष्पांजली टुडे, (अर्पित गुप्ता उपसम्पाद)**

*इंदौर। देश का एकमात्र मूकबधिर थाना सिर्फ इंदौर में है। जहां पर मूकबधिरों की शिकायतों को सुना और समझा जाता है और उस पर कार्रवाई की जाती है। अब पुलिस इंदौर संभाग के हर जिले में एक मूक-बधिर थाना खोलने की तैयारी कर रही है। जिसके तहत बुरहानपुर में नया मूकबधिर थाना खोला गया है। इनके स्टाफ को पिछले दिनों इंदौर में ट्रेनिंग दी गई थी। जिसके बाद अब उन्हें थाना संचालित करने की अनुमति मिल चुकी है। इसके बाद मुकदमों की शिकायत में तुरंत कार्रवाई की जा सकती है और साइन लैंग्वेज के विशेषज्ञों पर पुलिस को अब निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।*

*पूरे देश में सिर्फ एक थाना होने से विदेशों से भी इंदौर पुलिस की कार्यप्रणाली को समझने के लिए पुलिस आ चुकी है। क्योंकि मूक- बधिर की समस्याओं को सुनने के लिए पुलिस को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब आईजी हरिनारायण चारी मिश्र इंदौर संभाग के हर जिले में एक मूक-बधिर थाने की शुरुआत करने जा रहे हैं। जहां मूक-बधिरों की शिकायत को सुनने और समझने और कार्रवाई करने के लिए पुलिस कर्मियों को इंदौर के तुकोगंज थाने में स्थित मूकबधिर थाने भेजा जा रहा है।*

**जानिये कैसा है इसका काम-काज**

*बुराहनपुर में मूकबधिर थाना शुरू किया गया है। देश में एक मूकबधिर थाना होने के कारण मूक बधिरों की समस्याओं को सुनने में खासी परेशानियों का सामना पुलिस कर्मियों को करना पड़ता है और इनकी समस्याओं को समझने के लिए साइन लैंग्वेज वाले विशेषज्ञों को बुलाकर पुलिस आगे की कार्रवाई करती है पर अब इंदौर के तुकोगंज थाने में स्थित मुखबिर थाना भी एक ऐसा ट्रेनिंग सेंटर बनने जा रहा है जो जिले के हर थाने के पुलिसकर्मी को ट्रेन करेगा। जिससे कि मूक-बधिरों की समस्याओं को किस प्रकार से समझा जाता है। यह ट्रेनिंग इंदौर के मूक-बधिर थाने से पुलिस कर्मियों को दी जाएगी।*

# सेवानिवृत्त ग्राम विकास अधिकारी कार्यक्रम में पुष्प वर्षा से दी विदाई

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली। निकटवर्ती ग्राम पंचायत वडेरावास ग्राम विकास अधिकारी अरविंद ओझा के सेवानिवृत्त कार्यक्रम में भव्य सम्मान स्वागत के साथ पुष्प वर्षा से विदाई दी गई। सेवानिवृत्त ग्राम विकास अधिकारी अरविंद ओझा राजस्थान पंचायती राज विभाग में 2006 से 2021 तक ग्राम विकास अधिकारी पद पर उत्कृष्ट सेवाएं दी।

पाली पंचायत समिति के ग्राम पंचायत वडेरावास पिछले लगभग चार-पांच वर्ष से विकास अधिकारी पद पर बेहतरीन सेवाएं दी। ग्राम विकास अधिकारी अरविंद ओझा के सेवानिवृत्त कार्यक्रम में सरपंच लीला देवी सीरवी उप सरपंच गणेश राम सीरवी भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल सीरवी केनपुरा समाजसेवी अमराराम सीरवी रामपुरा के सानिध्य में भव्य सम्मान के साथ स्वागत किया । ग्राम वासियों ने ग्राम विकास अधिकारी के सेवानिवृत्त कार्यक्रम में अपने कार्यकाल में दी गई सेवाओं की सराहना की। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर




पुष्प वर्षा से विदाई की। साथ ही नए ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण कुमार चारण का भव्य स्वागत किया। सेवानिवृत्त ग्राम विकास अधिकारी अरविंद ओझा ने पंचायत प्रशासन पंचायत जनप्रतिनिधियों सहित ग्राम वासियों का आभार जताया। इस मौके पर कनिष्ठ सहायक पुखराज सीरवी। पंचायत सहायक विक्रम सिंह। पंचायत सहायक मिट्ठू सिंह। एएनएम गायत्री व्यास। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता। फुला राम सीरवी सूजाराम सीरवी। प्यारी देवी सीरवी पंचायत जन प्रतिनिधि गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# कोविड-19 वैक्सीनेशन सत्र आयोजित




**पुष्पांजली टुडे**

पाली। कोराना वायरस से आमजन को बचाने हेतु राज्य सरकार के आदेश के अनुसार जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार पाली ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर कोविड-19 टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया। पाली ब्लॉक के वडेरावास बोमाडडा बाणियाबास मनिहारी हेमावास गुंदोज दयालपुरा भांगेसर खेरवा लांबिया टेवाली आदि सहित अलग-अलग स्थानों पर कोविड-19 टीकाकरण सत्र का आयोजन करके प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य कर्मियों ने टीकाकरण किया।

भावरी covid-19 टीकाकरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर मे 18+45 आयु वर्ग के लोगों को कोराना की प्रथम एवं द्वितीय डोज दी गई। ए एन एम श्यामा कुमारी ,ने बताया कि आज टिकाकरण कैप मे 55 लोगो को कोराना वैक्सीन के टीके लगाए गए।

इस अवसर पर, PEEO नंदलाला भारोदिया। , बीएलओ,जवानमल , अध्यपिका प्रेमलता पवार, नजमा बानो, पंचायत सहायक जालमसिह राजपुरोहित, ओमप्रकाश गर्ग , आशा सहयोगिनी पिंकी गर्ग , वेराराम उपस्थित रहे।

# 'उज्जैन नागदा टू लेन मार्ग को फोरलेन बनाने की योजना बनाने के निर्देश'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

***( उज्जैन- चिंतामन जवासिया - तालोद - पीथमपुर मार्ग को भारत माला फेस -2 में स्वीकृति प्रदान की, सांसद अनिल फ़िरोजिया ने परिवाहन मंत्री के साथ दिल्ली मंत्रालय में आयोजित बैठक में रहै मौजूद)***

उज्जैन। दिल्ली में सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से उज्जैन आलोट के सांसद अनिल फिरोजिया दिल्ली स्थित मंत्रालय में उज्जैन आलोट लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न सडको को लेकर आयोजित बैठक में शामिल हुवे।



उज्जैन नागदा जावरा टू लेन (राज्य मार्ग 17) को फोरलेन बनाने के लिए मध्यप्रदेश के संबंधित अधिकारियों को एवं ह्मद्ध के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बढ़ती हुई दुर्घटना को देखते हुए फोरलेन बनाने की योजना बनाने के निर्देश दिए। दरसल इस सड़क पर गुजरात और राजस्थान के ट्रैफिक का लोड होने के कारण ओर उक्त मार्ग पर अंधे मोड़ होने के कारण आए दिन हादसो में सैकड़ों लोग अपनी जान गवा चुकें है। लिहाजा इस सड़क को फोरलेन करने की मांग सांसद अनिल फ़िरोजिया परिवाहन मंत्री श्री नितिन गड़गरी से लंबे समय से कर रहे थे। मंगलवार को मंत्रालय में हुई बैठक में माननीय मंत्री श्री नितिन गड़गरी ने इस सड़क को फोरलेन करने की योजना बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

इसी तरह उज्जैन- चिंतामन जवासिया - तालोद - पीथमपुर मार्ग को भारत माला फेस - 2 में स्वीकृति प्रदान की। इस नई सड़क के बनने से जहां उज्जैन से एयरपोर्ट इंदौर की दूरी कम होगी वही ओधोगिक नगरी पीथमपुर से उज्जैन शहर सीधे तौर पर जुड़ जाएगा।

(चौड़ीकरण के लिए भी हुई बात, जल्द भूमि पूजन के लिए उज्जैन आएंगे गड़गरी)

देवास - उज्जैन बाईपास बनने से पुरानी सड़क नागझिरी चौराहे से दताना तक सड़क शुद्धिकरण/चौड़ीकरण के लिए एवं साथ ही माननीय मंत्री ने ह्मद्ध के निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए उज्जैन आने की स्वीकृति दी ।

## नैनो न्यूज

### बहन और पत्नी के साथ आ रहे युवक को बदमाशों ने लूटा

**ग्वालियर।** जिले के डबरा थाना क्षेत्र में चाचा के बच्चे की सालगिरह से पत्नी और बहन के साथ बाइक पर आ रहे युवक को बाइक सवार बदमाशों ने पकड़ लिया और तमंचे की नोक पर बहन और पत्नी के गहने तथा नगदी सहित दो लाख का माल लूटकर भाग गए ।पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार पिछोर निवासी रवि कुशवाह 25 साल का डबरा में कंप्यूटर सेंटर है ।बीते रोज वह अपने चाचा के बच्चे का जन्मदिन मनाकर पत्नी शालू और बहन गायत्री के साथ डबरा वापस जा रहे थे। तभी शारदा वेयर हाउस के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और तमंचा दिखाकर बहन तथा पत्नी के गहने और नगदी सहित दो लाख का माल लूटकर भाग गए । पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### सिग्नल की चोरी करने वाले चोरों की टोली गिरफ्तार

**ग्वालियर।** बीते रोज रेलवे की सिग्नल केबल चोरी करने वाले चोर गिरोह के चार सदस्यों को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की केवल बरामद कर ली है। आरपीएफ ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिरला नगर और गार्डर वाली पुलिया के पास से अज्ञात चोर सिग्नल केवल चोरी कर ले गए थे जिससे कई घंटे रेल यातायात प्रभावित हुआ था। बीती शाम आरपीएफ को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग सिग्नल केवल का तार बेचने के लिए घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही आरपीएफ ने बताए गए स्थान की घेराबंदी कर मौके से चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किया सिग्नल का तार भी बरामद कर लिया है। पकड़े गए चोरों के नाम हृदेश कुमार मनीष लाला राम निवासी रेशम मिल तथा मनीष आर्य बताए गए हैं ।आरपीएफ ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ग्वालियर।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रहने वाले दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाना क्षेत्र के चंद्र नगर निवासी मनमोहन शाह के 30 वर्ष पीओपी का काम करता था। बीती रात वह घर आया और खाना खाकर कमरे में चला गया ।सुबह परिजनों ने जाकर देखा तो उसका शव फांसी पर लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। वहीं महाराजपुरा थाना क्षेत्र के वसुंधरा कॉलोनी आस्था नगर में रहने वाला छात्र चरण सिंह 23 वर्ष शाम को खाना खाकर कमरे में चला गया कुछ समय बाद उसका भाई कमरे में आया तो चरण सिंह का शव फांसी पर लटका हुआ था।

### छत से गिरकर वृद्ध की मौत

**ग्वालियर।** रात को खाना खाने के बाद छत पर टहल रहे वृद्ध की छत से गिरकर मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है ।जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाना क्षेत्र के लखेरा गली निवासी रमेश चंद्र अग्रवाल 70 वर्ष खाना खाकर घर की छत पर टहल रहे थे। तभी वह नीचे गिर गए और घायल हो गए परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई ।पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान से नगदी गहने चोरी

**ग्वालियर।** देहात की बिजौली थाना क्षेत्र में स्थित खेरिया मोदी गांव में बीती रात एक मकान में छत के रास्ते चोर घुस आए और नगदी गहने सहित लाखों का माल चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार बिजौली थाना क्षेत्र के खेरिया मोदी निवासी राजेश कुशवाहा परिवार के साथ घर में सो रहे थे।

# डबरा में कट्टा अड़ाकर 2 लाख के गहने लूटे..

**ग्वालियर।** ग्वालियर के डबरा में बाइक सवार तीन बदमाशों ने कट्टे की नोक पर 2 लाख रुपए के गहने लूटे हैं। बाइक सवार बदमाशों ने एक बाइक को ओवरटेक कर बाइक सवार के सीने पर कट्टा अड़ा दिया और उसकी पत्नी और बहन से गहने उतारने के लिए कहा। युवक पर कट्टा अड़ाते ही बाइक पर बैठी, उसकी पत्नी और बहन ने खुद ही लुटेरों को गहने उतारकर दे दिए। घटना डबरा में शारदा वेयर हाउस के पास सोमवार रात की है।

बदमाश भागते समय यह भी कह गए थाने मत जाना। लुटेरों के भागने के बाद पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मंगलवार सुबह कई जगह के ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे खंगालने के बाद हुलिया के आधार पर 2 संदेही पकड़े हैं। दोनों में से एक को पहचान भी लिया गया है। पुलिस अभी पूछताछ कर रही है। पिछोर निवासी रवि कुशवाह (25) पुत्र कमलेश कुशवाह का डबरा में कम्प्यूटर सेंटर है। यहां पर छात्रों को कम्प्यूटर सिखाने के साथ ही सुधारने का काम भी करते हैं। सोमवार को डबरा में उनके चाचा करण सिंह कुशवाह के यहां पर बच्चे का जन्मदिन समारोह था। समारोह में शामिल होने के लिए रवि अपनी पत्नी शालू व बहन गायत्री के साथ बाइक से डबरा जा रहा था। अभी वह शारदा वेयर हाउस के पास बायपास पर पहुंचे ही थे कि तभी पीछे से अन्य बाइक से आए तीन बदमाशों ने उनको ओवरटेक कर अपनी बाइक उनके सामने अड़ा दी और धक्का मारकर गिरा दिया।



**छाती पर अड़ाया कट्टा लूट ले गए गहने:** बाइक में बदमाशों द्वारा धक्का मारते ही रवि शालू और गायत्री बाइक से गिर गए और जब तक संभलते बदमाशों ने उन पर अधिया और कट्टा अड़ा दिया। इसके बाद बदमाशों ने शालू और गायत्री से एक हार, दो मंगलसूत्र व एक सोने की बीजासेन माला लूटने का प्रयास किया तो रवि ने विरोध किया। इस पर बदमाशों ने अधिया के बट से रवि की मारपीट की और जेवर सहित एक मोबाइल और पांच हजार रुपए लूट ले गए। इसके बाद पीड़ित ने मामले की सूचना रिश्तेदारों और पुलिस को दी।

**पूरे इलाके में की नाकाबंदी, दो संदेही पकड़े:** वारदात का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद पूरे इलाके की नाकाबंदी कर बदमाशों की सर्चिंग कराई, लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लगा। इसके बाद मंगलवार सुबह से पुलिस ने कैमरे खंगालने शुरू किए और दो संदेही हाथ आए। पीड़ित परिवार में उनमें से एक की पहचान की है।

**गोली भी मार सकते थे:** पीड़ित परिवार ने बताया कि बदमाश मारपीट कर जेवर लूट रहे थे कि तभी दो वाहन आते दिखाई दिए, जिन्हें देखकर बदमाश भाग गए और यदि वाहन नहीं आते तो वह गंभीर घटना को अंजाम दे सकते थे। वह गोली भी मार सकते थे। इस पर स्ष्ठक्क डबरा विवेक शर्मा का हना है कि वारदात हुई है और पुलिस ने कुछ संदेही पकड़े हैं। जल्द खुलासा किया जाएगा।

### नशे की हालत में ऑक्सीजन सिलेंडर उठाया, अचानक गिरने से धमाके के साथ नोजल फटा, अफरा-तफरी मची

**ग्वालियर।** ज्यारोग्य चिकित्सालय में कैजुअल्टी और ट्रॉमा सेंटर के बीच लगी ऑक्सीजन यूनिट में रविवार-सोमवार की रात करीब एक बजे तेज धमाका हुआ और तेजी से गैस निकलने लगी। धमाके की आवाज सुनकर मरीज के अटेंडेंट और डॉक्टर्स बाहर आ गए और अफरा-तफरी मच गई। यह धमाका ऑक्सीजन सिलेंडर का नोजल फटने के कारण हुआ। अस्पताल अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी को नोटिस जारी किए जाने की बात कही है। जयारोग्य के कैजुअल्टी व ट्रॉमा सेंटर के बीच में ऑक्सीजन यूनिट लगी है। इससे ट्रॉमा सेंटर और कैजुअल्टी में सेंट्रल लाइन के माध्यम से ऑक्सीजन सप्लाई होती है। रविवार-सोमवार की रात करीब 1 बजे ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी ने नशे की हालत में ऑक्सीजन सिलेंडर बदलने के लिए भरा सिलेंडर उठाया।

## पुलिस जवान को गोली मारने वाला लुटेरा गिरफ्तार




**ग्वालियर।** ग्वालियर में लूट करते समय पुलिस जवान के रोकने पर उसे गोली मारकर फरार हुए गिरोह के तीसरे लुटेरो को पुलिस ने मैनपुरी के पास से पकड़ा है। गिरोह के दो बदमाश पहले ही पकड़े जा चुके है। गिरोह का मास्टर माइंड यही है और पुलिस पर गोली भी इसने ही चलाई थी। इनके पकड़े जाने के बाद एक खुलासा और भी हुआ है।

दो से तीन वारदात करने के बाद यह लूट के माल को ठिकाने लगाकर अय्याशी करने के लिए राजस्थान के जयपुर, जोधपुर शहर में चले जाते थे। यहां महंगे क्लब, पब में बीयर पीना और मजे करना इनको अच्छा लगता था। पब में जाने से पहले ब्रांडेड जूते और कपड़े खरीदते थे। पकड़े गए तीसरे बदमाश से एक महीने पहले इन्द्रमणि नगर में चेन लूट का खुलासा हुआ है। पुलिस ने चेन भी बरामद कर ली है। गोला का मंदिर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि लूट का विरोध करने पर आरक्षक को गोली मारने वाले बदमाश नितिन जादौन को क्षेत्र में रेलवे पटरी के पास देखा गया है। जिस पर पुलिस की तत्काल एक टीम बनाकर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर बदमाश ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि 14 अगस्त को उसने आकाश जादौन व केके सिकरवार के साथ तीन महिलाओं से पिस्टल अड़ाकर चेन लूटने का प्रयास किया था। गोला का मंदिर सूर्य मंदिर के पास जब वह एक महिला से लूट कर रहे थे तो महिला ने नकली बताकर चेन फेक दी थी, इस पर उसने हवाई फायर किया था।

इसी समय एक पुलिस जवान (अजय भदौरिया) वहां आकर हमें रोकने लगा खुद को बचाने के लिए उसके पैर में गोली मार दी थी। चाहते तो सीने पर भी मार सकते थे। जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह वारदात के बाद मजे करने के लिए राजस्थान के जयपुर, जोधपुर के लिए निकल जाते थे। पुलिस ने इसके गिरोह के 2 साथी कृष्णा उर्फ केके सिकरवार, आकाश जादौन को गिरफ्तार कर तीन लूट की वारदातों का खुलासा किया था।

## सुंदरकांड में जूते पहनकर पहुंचे भाजपा नेता

**ग्वालियर।** सुंदरकांड पाठ में जूते पहनकर शामिल होने पर ग्वालियर BJP अध्यक्ष कमल माखीजानी विपक्ष के निशाने पर हैं। पाठ खत्म होने के बाद जब आहूति की बारी आई, तब भी उन्होंने जूता नहीं उतारा। इस पूरे मामले का वीडियो सामने आने के बाद कमल माखीजानी और भाजपा की किरकिरी हो रही है। कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने कहा है कि देख लो हिंदुत्व के ठेकेदार का कारनामा। कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने ट्वीट कर भाजपा और जिला शहर अध्यक्ष कमल माखीजानी पर तंज कसा है। केके मिश्रा ने ट्वीट कर लिखा कि आज स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जी का जन्म शताब्दी पर ग्वालियर में उन्हें आदरांजलि, करने के लिए सुंदरकांड का पाठ भी हुआ, तदपश्चात मंत्र पुष्पांजलि भी हुई। हिंदुत्व के ठेकेदार जिला भाजपा के अध्यक्ष कमल माखीजानी जूते पहनकर सुंदरकांड और ठाकरे जी को नमन करते हुए? यह है भगवान और दिवंगत आत्मा का का सम्मान? दरअसल, सोमवार को ग्वालियर के एक होटल में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर समारोह आयोजित किया गया था। कुशाभाऊ ठाकरे को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ-साथ उनके लिए BJP ने एक सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया था। कार्यक्रम में शहर के सभी बड़े नेता विशेषकर हिंदुत्व छवि वाले नेता उसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया, BJP के जिला शहर अध्यक्ष कमल माखीजानी भी विशेष रूप से मौजूद थे। बताया जा रहा है कि सुंदरकांड समाप्त होने के बाद जब पुष्पांजलि और पूर्णाहुति के लिए सभी को बुलाया गया तो जयभान सिंह पवैया ने तो जूते उतार दिए और उनके साथ वहां खड़े करीब 20 से 25 लोगों में किसी के भी पैर में जूते नहीं थे। सिर्फ भाजपा के महानगर अध्यक्ष कमल माखीजानी जूते पहने हुए ही पुष्पांजलि अर्पित करते दिखे। किसी ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। जूते पहने सुंदरकांड में शामिल हुए भाजपा शहर अध्यक्ष का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद BJP की किरकिरी हो रही है।



### प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के घर का सपना हुआ साकार : श्री महेन्द्र सिंह 'खुशियों की दास्तां'

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री आवास योजना हमारे जैसे लाखों परिवारों के लिए वरदान के समान है जो कि अपने पक्के घर का सपना तो देखते हैं लेकिन उनका यह सपना कभी साकार नहीं हो पाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के कारण आज हम अपने पक्के घर में गृहप्रवेश कर रहे हैं। यह कहना है वार्ड 62 स्थित पदमपुर खेरिया मुरार निवासी श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री काशीप्रसाद का। जिन्हें 28 अगस्त को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत बीएलसी घटक की तीसरी किश्त का भुगतान कर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्चुअली गृह प्रवेश कराया गया। श्री महेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके परिवार में दो बेटे और बहुएं व नाती पोते हैं तथा हम मजदूरी करते हैं, लेकिन घर कच्चा होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पडता है। हम और हमारा परिवार हमेशा अपने पक्के घर का सपना देखते थे, लेकिन पैसे के अभाव के कारण पक्का मकान नहीं बनवा पा रहे थे, तभी हमें प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली और हमने उसमें आवेदन किया तो शीघ्र ही हमारा आवेदन स्वीकृत हो गया और प्रथम किश्त एक लाख रुपए हमारे खाते में आ गए। हमने मकान बनाना शुरु किया और जब आधा कार्य हो गया तो हमें दूसरी किश्त भी मिल गई, जिससे हमारे पक्के मकान का सपना पूरा हो गया और आज तीसरी किश्त भी मिल गई तथा हमारा गृहप्रवेश मुख्यमंत्री जी द्वारा कराया गया। आज हम और हमारा परिवार बहुत खुश है कि हमारा पक्के घर का सपना पूरा हो गया है।



# डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाकर जान दी: पत्नी के नाम पर सुसाइड नोट छोड़ा

### मैंने हाथ-पैर जोड़े, मिन्नतें कीं, फिर भी दहेज के झूठे केस में फंसा दिया, अब दर्द सहन नहीं होता

**ग्वालियर।** ग्वालियर में रेलवे के एक डॉक्टर ने अपनी पत्नी, डॉक्टर ससुर और साली से परेशान होकर खुद को जहरीला इंजेक्शन लगा लिया। डॉक्टर ने हॉस्पिटल की चार पर्चियों पर सुसाइड नोट छोड़ा है। इसमें लिखा- मैंने आपके हाथ-पैर जोड़े, पैर छूकर मिन्नतें की, लेकिन आपने एक नहीं मानी। मेरे खिलाफ दहेज और मारपीट का झूठा मामला बना दिया। अब मैं यह दर्द सहन नहीं कर पा रहा हूं। आपके चक्कर में मां मेरे साथ नहीं आ सकी। ग्वालियर के सिटी सेंटर पटेल नगर के रहने वाले डॉ. गौरव कुमार गुप्ता रेलवे में थे। वह रेलवे अस्पताल की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। कंपू स्थित प्रताप नर्सिंग होम के संचालक व डॉ. महेन्द्र उनके पुराने दोस्त थे। डॉ. गौरव सोमवार रात डॉ. महेन्द्र के पास पहुंचे। उन्होंने मन ठीक न होने के कारण वहीं रुकने की बात कही। महेन्द्र अपने नर्सिंग होम में उनके लिए एक रूम खोलकर अपने घर निकल गए। डॉ. महेन्द्र मंगलवार दोपहर जब वापस वहां पहुंचे तो डॉ. गौरव बेड पर पड़े हुए हैं। बेड पर ही एक सीरिंज और इंजेक्शन रखा हुआ था। उन्होंने गौरव को चैक किया तो वे जिंदा नहीं थे। तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी गई।



पुलिस ने फॉरेंसिक एक्सपर्ट अखिलेश भार्गव से स्पॉट की जांच कराई है। पुलिस को मृतक के पास से एक चार पेज का सुसाइड नोट भी मिला है। पर्ची पर लिखे सुसाइड नोट में पत्नी शैली, ससुर डॉ. एमएल गुप्ता व साली नेहा द्वारा परेशान करने का जिक्र है। दहेज के झूठे मामले में फंसाकर उसकी जिंदगी बर्बाद करने का जिक्र है। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया है। फिलहल इस हाईप्रोफाइल मामले की जांच की जा रही है।

### डॉक्टर को अपनों से मिला था दर्द, अंदर से टूट चुके थे

डॉ. गौरव कुमार गुप्ता ने चार पेज के सुसाइड नोट में अंग्रेजी में लिखा- मैंने आपने हाथ-पैर जोड़े, पैर छूकर मिन्नतें मांगी, लेकिन आपने एक नहीं मानी। मेरे खिलाफ दहेज और मारपीट का झूठा मामला बना दिया। नेहा (साली) और उसके पति को अप्रैल में कोरोना हुआ तो मैं अपनी गाड़ी से नोएडा से लेकर गया था। नेहा के पति को अपोलो में भर्ती कराया, बच्चों और नेहा को अपने पास घर में रखा। पैसा खर्च किया, लेकिन बदले में तुम सबने साजिश रची। पर मेरे पास मोबाइल में कुछ फुटेज हैं। अब मैं यह दर्द सहन नहीं कर पा रहा हूं। आपके चक्कर में रिटायर्ड होने के बाद भी मां मेरे साथ नहीं आ सकी।

# प्रधानमंत्री ने की चाट वाली आंटी की मदद-एक साल पहले लोन लेकर शुरू किया काम

**ग्वालियर।** ग्वालियर में चाट वाली आंटी के नाम से मशहूर अर्चना शर्मा को एक बार फिर PMO (प्रधानमंत्री ऑफिस) से मदद मिली है। अर्चना ने एक साल पहले प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से 10 हजार रुपए का लोन लेकर चाट का ठेला शुरू किया था। उस समय खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनसे बात की थी। साथ ही कहा था कि ग्वालियर आएंगे तो उसके हाथ की टिक्की भी जरूर खाएंगे, लेकिन इसके बाद लॉकडाउन लगा तो धंधा ठप हो गया। किस्मत ने यहां भी परीक्षा लेना नहीं छोड़ा, पति भी गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। इस कारण इलाज के लिए कर्जा तक लेना पड़ा। अब लॉकडाउन तो खुल गया, लेकिन अर्चना एक बार फिर गरीबी के जाल में फंस गई। इसके बाद उन्होंने PMO को पत्र लिखा। पत्र लिखने के साथ ही स्थानीय स्तर पर अफसरों से संपर्क किया। सोशल मीडिया पर उनकी पीड़ा इतनी चर्चित हुई कि अभी हाल ही में उसे PMO से कॉल आया। इसके बाद अफसरों ने उन्हें मदद का भरोसा दिया। अब महिला को PMO से सीधे 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी गई है। इससे काफी हद तक वह कर्ज मुक्त हो गई और फिर से जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए काम शुरू कर दिया है।



**यह है पूरा मामला:** ग्वालियर के चार शहर का नाका निवासी अर्चना शर्मा ने सितंबर 2020 में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में चाट के व्यवसाय के लिए 10 हजार रुपए का लोन के लिए आवेदन किया था। उनके नाम पर लोन जारी भी हुआ। जब उन्हें लोन दिया गया तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद फोन पर उससे बात की। उस दिन क्करू ने देश के कई लोगों को प्रोत्साहित करने बात की थी। अर्चना भी उनमें से एक थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां तक कहा था- जीवन में कभी भी कोई परेशानी हो तो सीधे मुझे चिट्?ठी लिखना मैं मदद करूंगा। इसके बाद से अर्चना चाट वाली आंटी के नाम से मशहूर हैं। चाट का व्यवसाय कुछ महीने चलने के बाद कोविड की दस्तक हुई। लॉकडाउन लगा तो अर्चना का काम बंद हो गया था। इस कारण करीब अप्रैल, मई और जून 2021 में उसका काम बिल्कुल ठप रहा।

**पति की बीमारी ने बढ़ा दिया कर्जा:** अर्चना की अग्निपरीक्षा यहां भी खत्म नहीं हुई। कोविड ने धंधा ठप कराया और पति राजेंद्र शर्मा बीमार हो गए। परिवार को चलाने और पति का इलाज कराने के लिए आस पड़ोस से कर्जा लेना पड़ा। अब जब सब ठीक हो गया था, लेकिन कर्जा के कारण जिंदगी की गाड़ी पटरी पर नहीं आ पा रही थी। अर्चना के मुताबिक उन्हें आयुष्मान कार्ड का कम ही लाभ मिला, जबकि अस्पताल में ज्यादा खर्च हो गया। इसी कारण अर्चना कर्जा बढ़ गया।

**PMO से फोन आया आपको PM हेल्पलाइन से मदद भेजी गई है:** अर्चना ने बताया गया कि PMO से उन्हें 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भेजी गई है। ये रकम सीधे उनके खाते में आई। मदद दिलाने में ग्वालियर प्रशासन का अहम योगदान रहा। अब अर्चना फिर से अपनी जिंदगी को पटरी पर लाने का प्रयास कर रही हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478